वर्ष-10 अंक-263 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, बुधवार 01 जनवरी 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

नगर संस्करण

10

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

Download From

Adhunik Samachar

आधुनिक समाचार नेटवर्क

## संक्षिप्त समाचार

### नौ साल में सबसे साफ रही 2024 में हवा, 31 दिसंबर तक 209 दिन ऐसे रहे जब एक्यूआई 200 के नीचे रहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 2016 के बाद यह पहली बार है कि जब साफ हवा वाले दिन बढ़े हैं। सिर्फ 2020 को छोड़कर जब हवा कोरोना महामारी के दौरान साफ थी। ऐसे में लोगों ने बीते साल अधिक दिन तक साफ हवा में सांस ली। राजधानी में वायु गुणवत्ता में सुधार आया है। 2024 में कुल 209 दिन ऐसे रहे जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 के नीचे दर्ज किया गया। इस श्रेणी में हवा मध्यम श्रेणी में रहती है। ऐसे में 2016 के बाद यह पहली बार है कि जब साफ हवा वाले दिन बढ़े हैं। सिर्फ 2020 को छोड़कर जब हवा कोरोना महामारी के दौरान साफ थी। ऐसे में लोगों ने बीते साल अधिक दिन तक साफ हवा में सांस ली। यही नहीं, खराब हवा वाले दिनों में भी कमी आई है। इस दौरान 157 दिन ऐसे रहे जब वायु गुणवत्ता खराब यानी हवा प्रदूषित रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुकाबिक दिसंबर माह में 294 औसत एक्यूआई रहा। जोकि पिछले दिसंबर में 348, 2022 में 319 और 2021 में 336 था। विशेष बात है कि 28 दिसंबर को 139 दर्ज किया गया था, जो रिकॉर्ड पर दिसंबर का सबसे स्वच्छ दिन था। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक दिल्ली में 2018 के बाद से 2024 के दौरान फरवरी और दिसंबर के महीनों के लिए सबसे अच्छा औसत एक्यूआई देखा गया। अगस्त 2024 के महीने में भी कोविड वर्ष 2020 को छोड़कर 2018 के बाद से अब तक का सबसे अच्छा औसत एक्यूआई दर्ज किया गया। जनवरी 2024 के दौरान बिल्कुल कम गति की हवा की स्थिति के कारण औसत एक्यूआई असामान्य रूप से उच्च 355 हो गया, जो कि 2018 से 2024 तक जनवरी के महीने के लिए सबसे अधिक है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस सुधार का श्रेय माह के पहले पखवाड़े में लगातार हवा चलने और दूसरे पखवाड़े में रिकॉर्ड वर्षा को दिया जा सकता है।

# देशभर में नए साल की धूम, राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देशभर में आज नए साल की धूम देखने को मिल रही है। लोग एक दूसरे को बधाई देकर साल 2025 में प्रवेश करने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, जिसके लिए सभी एक दूसरे को बधाई देकर अपनी



नए साल का स्वागत कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को बधाई दी है। आज देशभर में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है। बीते साल को पीछे छोड़ नए खुशी भी जाहिर कर रहें हैं। इसी बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को बधाई दी है। नए साल के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया को प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह वर्ष नए अवसर, सफलता और अनंत खुशी लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि 2025 की शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए नए अवसर, सफलता और अनंत खुशी लेकर आए। सभी को उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।पीएम मोदी के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत और दुनिया के लिए एक उज्जवल, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा देशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं! वर्ष 2025 सभी के लिए खुशी, सद्भाव और समृद्धि लेकर आए! इस अवसर पर, आइए हम भारत और दुनिया के लिए एक उज्जवल, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकरण करें।

## शहरों में घट रही श्रमिकों की आबादी, 2023 में प्रवासियों की संख्या में आई 5.370 करोड़ की कमी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में दावा किया गया है कि श्रमबल अब गांवों से निकलने में गुरेज कर रहा है। पिछले 12 वर्षों में प्रवासियों की आबादी में 11.8 फीसदी की कमी आई है। है। पिछले 12 वर्षों में प्रवासियों की आबादी में 11.8 फीसदी की कमी आई है। परिणामस्वरूप शहरीकरण के मुकाबले ग्रामीणीकरण बढ़ रहा है। सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट में बताया गया



परिणामस्वरूप शहरीकरण के मुकाबले ग्रामीणीकरण बढ़ रहा है। एक वक्त था जब बेहतर आर्थिक अवसरों की तलाश में लोग ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर प्रवास करते थे। इसमें श्रमिक वर्ग का बड़ा योगदान था। इसके चलते बढ़ता शहरीकरण चर्चा के केंद्र में आ गया था, लेकिन एक नई रिपोर्ट में प्रवास की दशकों पुरानी इस प्रवत्ति में बदलाव के संकेत मिले हैं।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि श्रमबल अब गांवों से निकलने में गुरेज कर रहा है कि इसके चलते खाद्य वस्तुओं की मांग बढ़ी है। शहरी आपूर्ति कम हुई है और खाद्य मुद्रास्फीति लगातार बनी हुई है।प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के आंकड़ों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के भीतर घरेलू प्रवास में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2023 में प्रवासियों की संख्या में 5.370 करोड़ की कमी आई, जो 2011 के स्तर से 11.8 फीसदी की गिरावट दर्शाता है। प्रवासन दर भी 2011 में 37.6 फीसदी से गिरकर 2023 में 28.9 फीसदी हो गई। रिपोर्ट में कहा गया कि रोजगार या कारोबार जैसे आर्थिक उद्देश्यों के लिए 2011 में प्रवासन जहां 4.5 करोड़ था, वह 5 लाख घटकर 4.0 करोड़ रह गया।आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण विद्युतीकरण और आवास निर्माण में तो प्रगति हुई है, लेकिन हाल के वर्षों में उनकी गति काफी धीमी हो गई है। 10 वर्षों में ग्रामीण इलाकों में कुल 2.5 करोड़ घर बने, जबकि पूरी क्षमता से निर्माण होता तो इनकी संख्या 4.63 करोड़ होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोजगार के लिए कृषि पर निर्भरता भी बढ़ी है। इस क्षेत्र में 2017-18 में 42.5 फीसदी कार्यबल लगा हुआ था, जो 2023-24 में बढ़कर 46.1 फीसदी हो गया है। यह प्रवृत्ति बताती है कि छिपी बेरोजगारी बढ़ी है और ग्रामीण मजदूरी में कमी आई है। विशेष रूप से महिलाओं के बीच, जिनकी वास्तविक मजदूरी पिछले पांच वर्षों में सालाना 2.3 फीसदी घटी है। छिपी बेरोजगारी एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लोग दिखने में तो रोजगार में लगे होते हैं।

# मुंबई-नागपुर हाईवे पर हड़कंप; ठाणे में दो पुलिसकर्मियों पर केस, कई जगह से नौ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुंबई-नागपुर हाइवे से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक साथ 50 से ज्यादा अधिक गाड़ियों के पंक्चर होने से हरकंप मच गया। खबर मुंबई-नागपुर समृद्धि राजमार्ग पर बीते 29 दिसंबर की है, जब रात करीब 10 बजे वाशिम जिले के मालेगांव और वनोजा टोल प्लाजा के बीच 50 से अधिक वाहन सड़क पर गिरे लोहे के बोर्ड के ऊपर से गुजर गए। इस घटना में चार पहिया वाहन और मालवाहक ट्रक शामिल थे। इसके कारण राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया और रातभर यात्री फंसे रहे क्योंकि कोई सहायता तुरंत नहीं मिली। जानकारी के अनुसार अब यह घटना अब जांच के दायरे में है, यह पता लगाया जा रहा है कि बोर्ड गलती से गिरा था या इसे जानबूझकर फेंका गया था। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब समृद्धि राजमार्ग पर सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले,



जून में जालना जिले में कदवांची गांव के पास समृद्धि राजमार्ग पर दो कारों के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई थी और चार लोग घायल हो गए थे। मुंबई के ठाणे में दो पुलिसकर्मियों पर रिश्चत मांगने का आरोप दर्ज किया गया है। मामले में अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ठाणे जिले के मुरबाद पुलिस थाने के एक इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन दोनों पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से उसके रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत में पक्ष लेने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की। वहीं मामले में एसीबी ने एक बयान में बताया कि इंस्पेक्टर ने कांस्टेबल के जरिए व्यक्ति से पैसे मांगे थे। इसके बाद, व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत की। जांच के बाद, एसीबी ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नौ बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने और बिना उचित दस्तावेजों के देश में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पिछले महीने एक विशेष अभियान के तहत एटीएस ने 19 मामलों में 43 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि यह कार्रवाई मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर में पिछले चार दिनों में स्थानीय पुलिस की मदद से की गई। गिरफ्तार किए गए नौ बांग्लादेशी नागरिकों में आठ पुरुष और एक महिला शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आधार कार्ड बनवाए थे। पुलिस ने उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत पांच मामले दर्ज किए हैं।

## समुद्र पर बने देश के पहले कांच के पुल पर आवाजाही शुरू, 37 करोड़ की लागत, 77 मीटर लंबाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कन्याकुमारी में समुद्र पर बने देश के पहले कांच के पुल पर आवाजाही शुरू हो चुकी है। पुल को तैयार करने में 37 करोड़ की लागत आई है। इस पुल की लंबाई 77 मीटर होगी। तमिलनाडु स्मारक और तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पहुंचने के लिए लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ता था। इस परियोजना पर राज्य सरकार ने करीब 37 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उद्घाटन के दौरान सीएम स्टालिन व अन्य मंत्रियों ने पुल पर चलकर



के कन्याकुमारी के तट पर बने देश के पहले समुद्री ग्लास ब्रिज (कांच का पुल) पर आवाजाही शुरू हो गई है। सोमवार शाम को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 77 मीटर लंबे और 10 मीटर चौड़े इस पुल का उद्घाटन किया था। पुल के बनने से पर्यटक कन्याकुमारी के तट पर विवेकानंद रॉक मेमोरियल से सीधे तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक आसानी से पहुंच सकते हैं। इस पुल के बनने से पहले विवेकानंद देखा। कन्याकुमारी के पर्यटन अधिकारी ने बताया कि कांच के पुल पर चलने से ऐसा लगता है जैसे हम समुद्र पर चल रहे हों। उन्नत तकनीक का इस्तेमाल समुद्र के ऊपर बनाए गए धनुषाकार कांच के पुल को उन्नत तरीके से डिजाइन किया गया है। यह पुल तेज समुद्री हवाओं व अन्य खतरनाक समुद्री परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम है। इन सब चीजों के साथ ही इस पुल पर लोगों की सुरक्षा का खास ख्याल रखा गया है।


## भारतीय वायुयान कानून आज से प्रभावी; विमानन क्षेत्र में व्यापार करने की राह आसान



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत में विमानों के डिजाइन और निर्माण की सुविधा के साथ विमानन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी की सुविधा प्रदान करने वाला नया वायुयान कानून बुधवार से लागू हो गया। नया कानून (भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024) 90 साल पुराने (विमान कानून अधिनियम, 1934) का स्थान लेगा। इसे महीने की शुरुआत में संसद से मंजूरी मिली थी। नए कानून में विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, उपयोग, संचालन, बिक्री, निर्यात-आयात और संबंधित मामलों के विनियमन और नियंत्रण का प्रावधान किया गया है।

## डिजिटल उन्नति से पिछड़े जिलों और छोटे विक्रेताओं को लाभ, वैश्विक प्रौद्योगिकी का पावरहाउस बना भारत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट मे भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे पर इंटरनेट कनेक्टिविटी, मोबाइल टेलिकम्युनिकेशन और सोशल




नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म सहित डिजिटल टेक्नोलॉजी के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया है कि एक वैश्विक प्रौद्योगिकी पावरहाउस के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई है। भारत की डिजिटल उन्नति उद्यमिता, आय सृजन और सामाजिक वृद्धि को बढ़ावा देने में सहायक साबित हुआ है। विशेष रूप से छोटे विक्रेताओं और आर्थिक रूप से पिछड़े जिलों को इससे लाभ पहुंच रहा है। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट मे भारत के सामाजिक-आर्थिक ढांचे पर इंटरनेट कनेक्टिविटी, मोबाइल टेलिकम्युनिकेशन और सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म सहित डिजिटल टेक्नोलॉजी के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है। इसमें कहा गया है कि एक वैश्विक प्रौद्योगिकी पावरहाउस के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई है।विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल पूंजी ने भारत में उद्यमशीलता और व्यावसायिक आय में वृद्धि की है। इससे छोटे कारोबारियों को समर्थन मिल रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों को शिक्षण सामग्री तक पहुंच प्रदान करती हैं। इससे उनके प्रतिभा विकास और सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा मिलता है।डिजिटल सॉल्यूशन लोगों को ऑनलाइन गतिविधियों और भुगतान के रिकॉर्ड को बनाए रखने में मदद की है। यह उनके लिए डिजिटल पूंजी के रूप में काम कर सकता है। यह पूंजी लोगों को लेन-देन रिकॉर्ड, कर भुगतान और लोन इतिहास सहित अन्य जानकारी वित्तीय संस्थानों को साख का मूल्यांकन करने में सहायता करती है। 2009 में आधार प्रणाली के लिए रिपोर्ट अग्रणी तकनीकी उद्यमियों में से एक नंदन नीलेकणि को श्रेय देती है। इस डिजिटल पहचान कार्यक्रम ने लाखों भारतीयों को डिजिटल साख बनाने और औपचारिक अर्थव्यवस्था में भाग लेने में सक्षम बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक सुधारों के बाद, शहर में रहने वाले वंचित समुदायों ने अपने ग्रामीण समकक्षों की तुलना में अधिक उन्नति हासिल की है।

## कॉफी-चाय कम करती हैं सिर और गर्दन के कैंसर के खतरे, रोजाना तीन-चार कप पीने वालों में जोखिम 41 फीसदी तक कम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**यूटा विवि के हंट्समैन कैंसर संस्थान के शोधकर्ताओं ने इंटरनेशनल हेड एंड नेक कैंसर एपिडेमियोलॉजी (इनहांस)



कंसोर्टियम के 14 शोधों से जुड़े आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने सिर और गर्दन के कैंसर के 9,548 मरीजों और 15,783 स्वस्थ लोगों की जानकारी एकत्र की।प्रतिदिन कॉफी और चाय पीने वालों को सिर और गर्दन के कैंसर का खतरा कम होता है। एक अध्ययन में दावा किया गया है कि जो लोग दिन में चार या उससे अधिक कप कॉफी पीते हैं, उनमें सिर और गर्दन के कैंसर होने का खतरा 17 फीसदी और जो लोग दिन में एक कप कॉफी या चाय पीते हैं, उनमें कैंसर का खतरा नौ फीसदी तक कम हो जाता है। अध्ययन के नतीजे जर्नल कैंसर में प्रकाशित हुए हैं। यूटा विवि के हंट्समैन कैंसर संस्थान के शोधकर्ताओं ने इंटरनेशनल हेड एंड नेक कैंसर एपिडेमियोलॉजी (इनहांस) कंसोर्टियम के 14 शोधों से जुड़े आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया। शोधकर्ताओं ने सिर और गर्दन के कैंसर के 9,548 मरीजों और 15,783 स्वस्थ लोगों की जानकारी एकत्र की। ?पता चला कि कैफीन रहित कॉफी पीने से ओरल कैविटी से जुड़े कैंसर का खतरा 25ड्ढ तक कम हो जाता है। रोजाना एक कप चाय पीने वालों को हाइपोफेरीन्जियल कैंसर का खतरा 29ड्ढ तक घट जाता है। इसी तरह रोजाना एक कप या उससे कम चाय पीने वालों में सिर और गर्दन से जुड़े कैंसर का खतरा नौ फीसदी तक कम हो सकता है। रोजाना तीन से चार कप कॉफी पीने वालों में हाइपोफेरीन्जियल कैंसर का जोखिम 41 फीसदी तक कम देखा गया।

# दिल्ली-एनसीआर में नववर्ष के स्वागत में झूमे लोग, डीजे की धुन पर जमकर थिरके

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभी तो पार्टी शुरू हुई है, स्वैग से करेंगे सबका स्वागत कुछ इस तरह के गानों पर थिरकते हुए लोगों ने साल 2024 को अलविदा किया। रात 12 बजते ही जगह-



जगह धमाके व हूटिंग के साथ नए साल 2025 का स्वागत हुआ। नववर्ष के स्वागत के जश्न में मंगलवार को राजधानी डूबी रही। पिकनिक स्पॉट, मॉल, प्रमुख बाजारों और धार्मिक स्थलों पर लोगों का हुजूम उमड़ा। लोगों ने नाचते-गाते बड़े ही उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत किया वहीं, इस दौरान पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। देर रात तक सड़कों पर दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। वाहनों चालकों की लगातार जांच की गई। कनाट प्लेस में लोगों की सबसे ज्याद भीड़ रही पुलिस की ओर से कनाट प्लेस में सिर्फ पास वाले वाहनों की ही अनुमति थी। इसके बावजूद वाहनों की संख्या काफी अधिक रही। अधिकारियों ने बताया कि कनॉट प्लेस में भीड़ प्रबंधन के लिए रास्तों को रात आठ बजे से देर रात तक के लिए बंद कर दिया गया था। कनॉट प्लेस में केवल उन्हीं वाहनों को प्रवेश दिया गया था, जिनके पास होटल, रेस्तरां, बार आदि की बुकिंग थी। प्रमुख मार्गों पर बैरिकेड लगाए गए। आठ बजे के बाद पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रास्ते बंद कर दिए। इसके बाद लोग पैदल ही कनॉट प्लेस पहुंच गए। युवा अपने दोस्तों के साथ इंडिया गेट, ग्रेटर कैलाश समेत कई महत्वपूर्ण जगहों पर मौज मस्ती करते हुए दिखे। जो लोग अपनों से दूर थे, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। लोगों ने एक दूसरे के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। काफी संख्या में लोगों ने इंडिया गेट और कनॉट प्लेस की तरफ रुख किया। कई लोगों ने दोस्तों के साथ घर पर ही पार्टी की। दिल्ली के इंद्रपुरी निवासी राम नरेश ने बताया कि वह पहले दोस्तों के साथ कनॉट प्लेस जाते थे, लेकिन सर्दी बढ़ने पर इस साल घर में ही दोस्तों के साथ पार्टी करने का फैसला किया। इसी तरह लक्ष्मी नगर निवासी मयंक ने बताया कि शाम को दोस्तों के साथ घूमने गए, लेकिन रात होते ही घर पर परिवार के साथ ही नए साल का स्वागत किया। नववर्ष के स्वागत के लिए सेक्टर और सोसाइटियों के साथ शहर के मॉल, पब, रेस्तरां और बाजार देर रात तक गुलजार रहे। लोगों ने दोस्तों और परिवार के साथ पार्टी की। शहर के बाजारों में मंगलवार दोपहर बाद से ही वाहनों के पहिये थम गए थे। सेक्टर-18, जीआईपी व गार्डन गैलेरिया मॉल के समीप बेरिकेडिंग की गई थी। डीएलएफ मॉल की पार्किंग दोपहर में ही फुल हो गई। इस वजह से सुरक्षा कर्मियों ने वाहनों को लौटाना शुरू कर दिया। दलित प्रेरणा की ओर से सेक्टर-18 की तरफ आने वाले मार्ग पर जाम लग गया। सेक्टर-18 के चारों तरफ बेरिकेड लगाकर एंटी और एग्जिट बंद कर दिया गया। वहीं शाम ढलते ही नए साल सेलिब्रेशन का कार्यक्रम शुरू हो गया। सेक्टर व सोसाइटियों में नए साल सेलिब्रेशन भी देर रात तक चलता रहा। नोएडा के गार्डन गैलेरिया मॉल में ही 2 से 2.5 लाख युवा ग्रुपों में नए साल का जश्न मनाने पहुंचे। इसके अलावा एक्सप्रेस वे से सटे एडवांट, गुलशन और ग्रेनो वेस्ट के गौड़ सिटी के आसपास के मॉल में भी नए साल का जश्न जोश व उमंग के साथ मनाया गया। आबकारी व मनोरंजन विभाग से करीब 200 से अधिक स्थानों पर पार्टी आयोजित करने के लिए अनापत्ति जारी की गई थी।






# सीएम योगी ने बच्चों को टॉफियों के साथ दिया विद्या का उपहार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में मेला अधिकारी को विद्या कुम्भ अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश सीएम ने कहा-



महाकुम्भ में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य का रखें पूरा ध्यान योगी आदित्यनाथ ने मेले में घूम रहे गरीब बच्चों को स्वेटर, भोजन और रैन बसेरों में रखने की व्यवस्था करने के दिये निर्देश सीएम बोले- पुलिस प्रशासन बच्चों को असमाजिक गतिविधियों में लिप्त करने वाले गैंग के विरूद्ध करे कड़ी कार्रवाई 31 दिसंबर, महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बच्चों के प्रति स्वभावगत विशेष प्रेम और लगाव मंगलवार को एक बार फिर देखने को मिला। मुख्यमंत्री प्रयागराज दौरे के दौरान संगम के वीआईपी घाट से संगम पर पूजन के लिए जा रहे थे, तभी उन्होंने घाट के पास घूम रहे बच्चों को पास बुलाकर बाल सुलभ अदांज में उनका हाल पूछा। उन्होंने पूछा - ठंड नहीं लग रही है... स्कूल नहीं गये....। बच्चे भी पुलिस प्रशासन का भय भूल कर मुख्यमंत्री जी के साथ उत्सुक और उल्लासित नजर आये।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कह कर टॉफियां मंगाई और बच्चों को अपने हाथ से टॉफियां बांटी। मुख्यमंत्री स्वभावगततौर पर बच्चों के प्रति विशेष लगाव रखते हैं जिसकी छवि उनके दौरों, गोरखपुर में कन्या पूजन, उत्सव और त्योहारों पर देखने को मिलती है। बच्चों के लिए स्वेटर और रैन बसेरों की हो व्यवस्था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बच्चों के प्रति लगाव तब और स्पष्ट हो गया जब उन्होंने समीक्षा बैठक में मेला अधिकारी से महाकुम्भ में कार्यरत स्वच्छताकर्मियों, नाविकों, मजदूरों के बच्चों का भी पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए मेले के दौरन विद्या कुम्भ के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था करने, उनके लिए मिड डे मील और ड्रेस की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मेला अधिकारी से संगम क्षेत्र और गंगा जी के किनारे घूम रहे गरीब बच्चों को ठंड से बचाने के लिए स्वेटर और रैन बसेरों की व्यवस्था करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने साफतौर पर कहा कि मेला अधिकारी और पुलिस प्रशासन इस बात का ध्यान रखें कि छोटे मासूम बच्चे मेले के दौरान किसी तरह की गलत, असमाजिक गतिविधियों में लिप्त न होने पाए। यदि कोई गिरोह या गैंग ऐसा सुनियोजित अपराध करा रहा है तो तत्काल उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

# जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को प्रयागराज लीडर रोड का औचक निरीक्षण किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास लीडर रोड व नरूला रोड पर नगर निगम द्वारा बनाए गए रैन बसेरो का औचक निरीक्षण किया प्राप्त की और उन्हें कंबल भी दिए हैं उन्होंने संबांधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी रैन बसेरा में कोई भी बेड खाली न रहे और कोई भी व्यक्ति खुले स्थान पर नहीं सोए उन्होंने रैन बसेरों में अच्छी



और वहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं उन्होंने रैन बसेरा में रह रहे लोगों से बातचीत कर उनका हाल-चाल व वहाँ की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी साफ-सफाई, प्रकाश, विद्युत व अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं इस अवसार पर उप जिलाधिकारी सदर श्री अभिषेक सिंह व नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रयागराज पुलिस ने नए साल के जश्न को सुरक्षित और शालीन बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** डीसीपी नगर अभिषेक भारती ने एसीपी और थाना अध्यक्ष सहित पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। शराब पीकर गाड़ी चलाने, तीन सवारी बैठाने, हुड़दंग मचाने या सामाजिक शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अराजकता या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुभाष चौराहे और अन्य प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है ताकि लोगों को सुरक्षित वातावरण में नए साल का जश्न मनाने दिया जाए। नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है।


# आतिथ्य सेवा के साथ स्वच्छता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा प्रयागराजः सीएम योगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुम्भ नगर, 31 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को



प्रयागराज में महाकुम्भ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में एक बार फिर प्रयागवासियों से आतिथ्य सेवा के साथ ही महाकुम्भ के दौरान स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से महाकुम्भ को पूरी भव्यता के साथ यहां पर आयोजित करने का गौरव न सिर्फ डबल इंजन सरकार को बल्कि प्रयागराज वासियों को भी प्राप्त होने जा रहा है। प्रयागराज वासियों से अपील होगी कि स्वच्छता और आतिथ्य सेवा का जो उदाहरण उन्होने 2019 कुम्भ में प्रस्तुत किया है, उससे अच्छा अवसर इस बार उनके सामने आ रहा है। इस बार भी हमारा प्रयागराज आतिथ्य सेवा के साथ-साथ स्वच्छता का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। प्रयागराज सिटी का कायाकल्प लगभग पूरा प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में समीक्षा बैठक करने के बाद सीएम योगी ने पत्रकारों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की कृपा से, भगवान प्रयागराज, द्वादश माधव और मां गंगा और मां यमुना की कृपा से महाकुम्भ का यह आयोजन सकुशल संपन्न हों, इसके लिए आज यहां बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज सिटी का कायाकल्प लगभग पूरा हो चुका है। 200 से अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। इन्हें सिंगल से डबल लेन, डबल लेन से फोर लेन, फोरलेन से सिक्स लेन बनाया जा चुका है। 14 फ्लाईओवर या आरओबी में से 13 कंप्लीट हो गए हैं और एक फाइनल स्टेज की तरफ बढ़ रहा है। सिटी के अंदर सौंदर्यीकरण के कई कार्य किए गए हैं। सिटी के अंदर यह भी व्यवस्था की गई है कि रेलवे स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया हों और उसके बाहर भी। उन्होंने कहा कि मेला प्राधिकरण ने यहां पर लगभग 5000 एकड़ क्षेत्रफल में प्रयागराज को जोड़ने वाले मार्गों पर संगम से 2 से 5 किलोमीटर की दूरी पर पार्किंग स्पेस भी चिन्हित करके उन्हें सक्रिय कर दिया है। हर पार्किंग स्थल पर चौकी भी होगी, सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी होगी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी होगा।


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है।
रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity



प्रदेश आस/पास



भारत

# 100 दिवसीय संघन टीबी खोज अभियान में संस्थाओं का सराहनीय योगदान

## टीबी रोग की पहचान के लक्षण बताने पर बच्चों को दिया उपहार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** रायबरेली अमावा 100 दिवसीय संघन टीबी खोज अभियान में संस्थाओं का भी सराहनीय योगदान आपको बताते चलें कि बडौदा अप वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में एक जागरूकता अभियान की शानदार पहल की गई बडौदा यू पी बैंक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला बिग 3 वर्षों से टीवी कार्यक्रम में अपनी सराहनीय भूमिका के साथ इस प्रोग्राम में शामिल होकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में अमावा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़े क्षेत्र में गांव-गांव पहुंचकर बच्चों के ?6 की पहचान के लक्षण बताने पर पेंसिल बॉक्स,रबर, पेंसिल उपहार देकर सराहनीय संदेश देने का कार्य किया है। आपको बता दें जहां एक ओर शिक्षा का संदेश, वहीं दूसरी ओर क्षयरोग बचाव व लक्षण की जानकारी देते हुए समाज में एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। इनकी इस पहल पर अधिकारियों ने भी प्रशंसा की।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली नवीन चंद्रा ने कहा टीबी मुक्त अभियान में बढ़-चढ़करचढ़कर ऐसी हिस्सेदारी लेना इस कार्यक्रम में एक अच्छी शुरुआत है। जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि सरकार के इस अभियान को बढ़ाने में अन्य संस्थाएं भी सहयोग के लिए आगे कदम बढ़ा सकती हैं, जैसे पोटली का वितरण करना। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमवा के अधीक्षक डॉक्टर रोहित कटियार के नेतृत्व में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ग्राम सभा सिधौना,ग्राम सभा रसेहता, ग्राम सभा सोथी, मे आम जनमानस के साथ बैठक कर के रैली निकालकर बच्चों कुछ जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं ताकि वल्नरेबल पापुलेशन के ज्यादा से ज्यादा लोगो अस्पताल पहुंचाकर जांच कराई जा सके करुणा शंकर मिश्र से पूछे जाने पर बताया इस मुहीम में सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचने पर तत्काल रेफर करते हुए जांच कराई जाएगी और मरीज धनात्मक होने पर निःशुल्क दवा के साथ पोषण हेतु ?1000 प्रतिमाह सरकार की ओर से दिया जाएगा इस मौके पर गांव के अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे

# हर तीर्थयात्री-हर पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा हमारी शीर्ष प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 24□7 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेवसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की




जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों/व्यक्तियों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। मुख्यमंत्री ने सभी स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा चालकों, ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिये, साथ ही प्रयागराज की ओर आने वाले सभी अंतर्जनपदीय मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन के व्यवस्थित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा से चिढ़ने वाले लोग महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं, उन्हें यथोचित जवाब दिया जाना चाहिए। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी पूजनीय अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीबाड़ा, खाकचौक एवं अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि प्रयागवाल व अन्य नई संस्थाओं को आवंटन का कार्य जारी है। सभी की आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि पूजनीय अखाड़ों, साधु-संतों की भावनाओं का यथोचित सम्मान किया जाना चाहिए। मेला प्रबंधन से जुड़े अधिकारी संतों से सतत-संपर्क-संवाद बनाये रखें।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जनपद के 362 आवास सर्वेक्षणकर्ताओं का प्रशिक्षण का आयोजन संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आवास विहीन व कच्चे घरों में रहने वालों गरीब परिवारों को आवास की सुविधा मुहैया कराये जाने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आज से आवास प्लस सर्वे प्रारम्भ किये जाने हेतु जनपद रायबरेली के सभी ब्लाकों में पूरी पारदर्शिता व शुचिता के साथ सर्वे कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु जनपद के 362 आवास सर्वेक्षणकर्ताओं की मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार विकास भवन रायबरेली में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण 02 शिफ्टों में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के सभी सर्वेयरों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा आवास सर्वे हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नवीन मानकों के विषय में जानकारी प्रदान की गयी एवं कच्चे व पक्के घरों की परिभाषा से भी अवगत कराया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु आवास प्लस 2024 में लाभार्थियों का नाम जोड़े जाने की पात्रताः प्रशिक्षण के दौरान सभी सर्वेयर को बताया गया कि पूर्व में अपात्रता के मानकों दोपहिया वाहन, लकड़ी की नांव, फिज को हटा दिया गया है।





# रामगढ़ की टीम अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 रनों से मैच जीता

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ 2024.25 के आज छठवें दिन



क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला चुनार और रामगढ़ के बीच,भाजपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल के द्वारा टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया गया , चुनार की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया रामगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में.9 विकेट खोकर 150 रनों का स्कोर खड़ा किया रामगढ़ की तरफ से शशिकांत ने 33 गेंदों का सामना कर 4 चौके और 2 छक्के की मदत से 44 रनों की पारी खेली , चुनार के गेंदबाज अंशु ने 35. रन देकर 2 विकेट चटकाए जवाब में चुनार की टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 137 रन ही बना सकी, रामगढ़ की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 रनों से मैच को जीत कर आगे के मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है चुनार की तरफ से चंचल यादव ने 77 रनों की पारी खेली फिर भी अपने टीम को जीत नहीं दिला सके रामगढ़ की तरफ से सत्यप्रकाश दुबे ने अपनी टीम को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए 18 रन देकर शानदार 3 विकेट चटकाए अतः सत्यप्रकाश दुबे को ,भाजपा नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रूबी प्रसाद के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया दिया गया।।

# नए वर्ष पर पुलिस ने की तैयारी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** नए वर्ष को लेकर जिला प्रशासन चुस्त दुरुस्त की तैयारी 12 टूरिज्म स्थल व 6 धार्मिक स्थलों हल्का प्रभारी को करें दिशा निर्देश दिए गए किसी भी प्रकार से लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त।एडिशनल एसपी ने बताया



को लेकर बधाई सुरक्षा व्यवस्था। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि नए वर्ष को लेकर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के दिशा निर्देश के क्रम में सभी टूरिज्म स्थल व धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई वहीं थाना प्रभारी को चौकी प्रभारी कि इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन से पुलिस तैनात की गई है वहीं एल आई यू इंटेलिजेंट सहित अन्य टीम में भी लगाई गई हैं देर रात्रि से अगले दिन शाम तक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अगस्त व टिकट ड्यूटी यातायात पुलिस द्वारा निगरानी को दिए गए हैं आवश्यक दिशा निर्देश।

# मां विंध्यवासिनी का दर्शन कर भक्तों ने की नए साल की शुरुआत, तस्वीरों में देखें- एक झलक

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मिर्जापुर।** मां विंध्यवासिनी धाम में नए साल के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भोर से कतार में खड़े भक्तों ने अपनी बारी आने पर मां का दर्शन- पूजन के जयकारे से पूरा विंध्यवासिनी दरबार गूंज उठा। इस दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों और रत्न जड़ित आभूषणों से श्रृंगार के बाद मां के भव्य स्वरूप की झलक पाने के लिए श्रद्धालु उत्साहित दिखे। भोर से झांकी से ही मां विंध्यवासिनी के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। मंदिर की छत पर भी साधक ध्यान में लगे रहे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में विराजमान अन्य देवी-देवताओं कि दर्शन किए।



किया। इस दौरान माता के जयकारे से पूरा धाम गूंज उठा। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को मां विंध्यवासिनी धाम दर्शनार्थियों से पटा रहा। एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। भोर में मंगला आरती से पहले ही गर्भगृह की ओर जाने वाले मार्ग श्रद्धालुओं से भरे रहे।मां ही विंध्य धाम के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। गंगा स्नान के बाद मंदिर से जुड़े विभिन्न गलियों के रास्ते में भक्त हाथों में नारियल, चुनरी, माला, फूल व प्रसाद लिए कतार में लगे रहे। माता के जयकारे से धाम की समस्त गलियां गूंजती रहीं। किसी ने गर्भगृह तो किसी ने कुंड तक पहुंचकर हवन व अनुष्ठान किया। दर्शन व पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा भक्तों की सेवा में समर्पित श्री विंध्य पंडा समाज पदाधिकारी एवं सदस्यगण सहित पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी एवं पुलिस बल तैनात रहे।

# फ्रेशर्स पार्टी में सलोनी प्रथम, प्रिया द्वितीय, ज्योति तृतीय हुई सम्मानित

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** विन्ध्य कन्या पी0जी0 कालेज राबटर्सगंज , में बी0एड0 ततीय सेमेस्टर की छात्राओ द्वारा फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन मंगलवार को किया गया। कायक्रम के पारम्भ म महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंजली विक्रम सिंह तथा चीफ ट्रस्टी डॉ0 अजय कमार सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात छात्राओं ने देश भक्ति गीत, नत्र्य, नाटक, एकांकी आदि की शानदार प्रस्तुति कर अध्यापको एवं छात्राओं को तालियां बजाने के लिए विवश कर दिया। छात्राओं में मुख्य रूप से कुमकुम, शैलजा, वैशाली, स्नेहा, स्मिता आदि ने प्रतिभाग किया। फ्रेशर्स में सलोनी गुप्ता प्रथम, प्रिया मिश्रा द्वितीय, ज्योति मौर्या तृतीय स्थान प्राप्त किया। कायक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अजंली विक्रम सिंह छात्राओ के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा छात्राओ को सफलता के मत्रं भी दिये फ्रेशर्स पार्टी एक दूसरे को जानने और समझने के लिए रखी जाती है इस दौरान हम सब लोग एक दूसरे के सामने अपने विचार रख सकते है। कायक्रम के अन्त में चीफ ट्रस्टी डॉ0 अजय सिंह ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासित रह कर हर सफलता अर्जित की जा सकती है। इस अवसर पर डॉ0 मालती शुक्ला, डॉ0 अरूणेन्द संदल, डॉ0 गीता सरस्वती, विनीता केशरी, पंकज सिंह, अनीष सिंह, रजनीकान्त श्रीवास्तव, कीर्ति व सभी शिक्षणेत्तर कमचारी उपस्थित रहें।



# कबीर स्व लोक बंधु राज नारायण की सपाईयों ने मनाई पुण्यतिथि

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहार यादव ने बताया कि भारतीय राजनीति के कबीर स्व0 लोक बंधु राज नारायण की पुण्यतिथि जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारतीय राजनीति के कबीर लोक बंधु राज नारायण एक ऐसे राजनीतिज्ञ थे उन्होंने अपने जीवन काल में सत्ता के लिए कभी राजनीति नहीं किया राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है। उदार समाजवादी नेता थे । राज नारायण जी हमेशा आम आदमी का हित चाहते थे । जनता के हित के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया ।स्वार्थी तथा सत्ता उन्मुखी सियासी धारा को जिस तरह से उन्होंने परोपकारी राजनीतिक दरिया के रूप मे परिणत करने की भगरिथ कोशिश की उसी के बल पर जम्हूरि इतिहास में उन्होंने अपना नाम स्वर्णक्षरों में अंकित कर लिया । संगोष्ठी में मुख्य रूप से अशोक पटेल अनिल प्रधान संतोष यादव विष्णु कुशवाहा शौर्य त्रिपाठी मनोज यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



# शौच के लिए गए दिव्यांग की नाले में गिरने से मौत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया गांव के बसकुड़िया मजरा निवासी एक दिव्यांग मंगलवार को सुबह नाले में गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। जैसे ही एम्बुलेंस से मंडलीय अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग की मौत हो गई।हलिया के बसकुड़िया मजरा निवासी 25 वर्षीय दिनेश कुमार एक हाथ व पैर से दिव्यांग था। वह मंगलवार की सुबह शौच के लिए गांव के एक नाले में गया। अचानक वह नाले में गिर गया। कुछ दूर पर खेल रहे बच्चों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां पर उपचार के दौरान दिव्यांग को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस सूचना दिए घर लेकर चले गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि नाले में गिरने से सिर में चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर किया गया था, लेकिन ट्रामा सेंटर ले जाने के पहले उसकी मौत हो गई।

# रावण वध,के बाद जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया पूरा पंडाल


(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे हैं श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के आठवें दिन श्री राम दरबार का



भव्यता के साथ श्रृंगार किया गया इसके पश्चात मुख्य व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र एवं भूदेव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और यहां से ही आठवें दिन की पाठ की शुरुआत हुई जिसमें रावण वध का प्रसंग हुआ। मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र के मुखारविंद से जैसे ही याद दोहा प्रसारित हुआ - खैची सरासन श्रवन लगी छाडेड़ सर एकतीस । रघुनायक सायक चले मानहूब काल फ़ीस ।। भगवान श्री राम कान तक धनुष को खींचकर 31 बाण छोड़े वह बाण ऐसे चले मानो कालसर्प हो और इन बाणो ने दशानन के नाभि के अमृत कुंड को सोख और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा।देखकर देवताओं, मुनियों, किन्नरों गंधर्वों के समूह भगवान श्री राम के ऊपर फूल बरसाने लगे कहते हैं कृपालु की जय हो, मुकुल की जय हो जय हो। इस भव्य मनोरम दृश्य को देखकर मानस पंडाल में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री राम की जय हो का लगगनभेदी उद्घोष किया और इस अवसर पर पटाखे छोड़े गए, भगवान श्रीराम की भव्य झांकी का दर्शन कर भक्तो आध्यात्मिक आनंद उठाया इस आनंदमई बेला में भगवान श्री राम पर पुष्पों की वर्षा की गई। इसके पूर्व लंकापति रावण ने उपस्थित भूदेव की परिक्रमा किया और राम रावण संवाद बड़े ही रोचक ढंग से संपन्न हुई। वही एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक नीरज भैया ने हनुमान जी की भगवान राम से मिलन की एवं राम सुग्रीव की मित्रता की कथा एवं अशोक वाटिका में सीता जी द्वारा अग्नि माने जाने पर हनुमान द्वारा श्री राम की दी हुई अंगूठी के देने की कथा सुनाई गई। इस अवसर पर महामंत्री सुशील पाठक, अध्यक्ष सत्यपाल जैन,रतन लाल गर्ग, शिशु त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सुशील सिंह, इंद्रदेव सिंह, संजय तिवारी, अनिल दुबे, अजय सिंह ए एन सिंह संगम गुप्ता,पप्पू शुक्ला महेश दुबे, राहुल पाठक, मन्नू पांडे, चंदन चौबे, प्रशांत जैन, हर्षवर्धन, विमलेश पटेल, शुभम शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# आटो की टक्कर से कार सवार की मौत, आठ लोग घायल

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**पटेहरा।** संतनगर थाना क्षेत्र के मुस्किरा गांव के पास लालगंज-कलवारी संपर्क मार्ग पर मंगलवार





को कार और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इससे एक युवक की मौत हो गई। चार महिला समेत आठ लोग घायल हो गए।प्रयागराज के चकमीरा पट्टी निवासी राजू (34) मंगलवार की सुबह नौ बजे अपनी कार से अपने दोस्त अमित सिंह उर्फ गोलू (26), अमित प्रताप सिंह (32) को साथ लेकर सिरसी फाल पर पिकनिक के लिए निकले थे। रास्ते में अमित उर्फ गोलू ने मांडा निवासी एक दोस्त को फोन कर बुलाया। चारो संतनगर थाना क्षेत्र के सिरसी फाल पिकनिक मनाने गए। पिकनिक मनाकर दोपहर बाद चारो वापस घर लौट रहे थे।ऑटो चालक जैन कुमार (28) निवासी देवरी कटाई अपने साथ ज्योति (50) निवासी पड़रिया कला, आशा (40) निवासी डढ़िया, राधा देवी (50) निवासी अमोई पुरवा थाना संतनगर व मीना (45) निवासी शेरुआ थाना मड़िहान को लेकर अमोई से दीपनगर आ रहा था। मुस्किरा गांव के पास कार व ऑटो की आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार अमित सिंह उर्फ गोलू की मौके पर मौत हो गई। कार सवार तीन साथी, ऑटो चालक व चार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।राहगीरों की सूचना पर संतनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को इलाज के लिए पटेहरा पीएचसी भेजवाया गया। जहां डॉ. वाजिद जमील ने भी पीएचसी में अमित सिंह को मृत घोषित कर दिया। कार सवार तीनों युवक, ऑटो चालक जैन कुमार व आशा को मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया की कार व ऑटो की टक्कर में कार सवार एक युवक की मौत हो गई है। कुल आठ लोग घायल हुए है। घायलों का उपचार कराया गया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार मरा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सक्तेशगढ़।** चुनार थाना क्षेत्र के राजगढ़- चुनार संपर्क मार्ग पर भेड़ी गांव के सामने मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।नरायनपुर चौकी अंतर्गत कनवही गांव निवासी 26 वर्षीय चंद्रपाल पाल मंगलवार की सुबह चुनार थाना क्षेत्र के भेड़ी गांव रिश्तेदारी में आया था। दोपहर में डेढ़ बजे के करीब घर वापस जा रहा था। जैसे ही सड़क पर पहुंचा था कि राजगढ़ की तरफ से जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। हादसे में घटनास्थल पर ही चंद्रपाल की मौत हो गई। राहगीरों और ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर चक गंभीरा चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चुनार थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्या ने बताया कि ट्रैक्टर से बाइक सवार की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक की मौके पर ही मौत हो गई।

# काम में लापरवारही पर तीन अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मिर्जापुर।** विंध्याचल मंडल में एक करोड़ रुपये से अधिक के बजट वाली परियोजनाओं की प्रगति की सोमवार को मंडलायुक्त ने समीक्षा की। उन्होंने कार्य में लापरवाही और बार-बार




समय देने के बाद भी परियोजनाओं का निर्माण पूर्ण न किए जाने पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सोनभद्र, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-दो मिर्जापुर से स्पष्टीकरण और अधिशासी अभियंता मिर्जापुर नहर प्रखंड को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश संयुक्त विकास आयुक्त को दिया। इसी प्रकार सेतु निगम के काम की समीक्षा के दौरान विंध्याचल शिवपुर रेलवे ओवरब्रिज पर रेलवे विभाग द्वारा कई बार समय लेने के बाद भी कार्य शुरू व पूरा न किए जाने पर उन्होंने रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्राचार कर अवगत कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत मिर्जापुर में कई गांवो में अभी भी जलापूर्ति न होने की शिकायत पर मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता जल निगम से कहा कि जिन एजेंसियों द्वारा अभी भी कार्य पूर्ण नही किया गया तथा ग्रामीण अंचलों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी एजेंसी को बिना प्रधान और ग्रामीणों के द्वारा जलापूर्ति होने के प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना भुगतान न किया जाए। बैठक में झीलो बीजापुर, बेलाही, हत्रा, कदरा, पेयजल परियोजना, सोनभद्र में भी प्रगति लाने का निर्देश दिया। तीनों जिलों की अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण और ससमय प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ मिर्जापुर विशाल कुमार, सोनभद्र, जागृति अवस्थी, भदोही शिवाकांत द्विवेदी, संयुक्त विकास आयुक्त डॉ विश्राम, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर निदेशक स्वास्थ्य, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या सहित सभी मंडलीय व जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# युगधारा फाउंडेशन आफ इंडिया ने कैदियों को बांटे गर्म कपड़े

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** लुक्सर, ग्रेटर नोएडा स्थित जिला कारागार मे सामाजिक संस्था युगधारा फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने कैदियो को गर्म कपड़ो का वितरण किया। संस्था की अध्यक्ष डॉ श्वेता त्यागी ने ऐसे ही जरूरतमंदो की जरूरत पूरा करने का अपना संकल्प दोहराया। महासचिव कपिल त्यागी ने बताया कि जेल मे निरंतर सामाजिक कार्य करने का भरोसा दिलाया। अधीक्षक बृजेश कुमार, जेलर राजीव सिंह, जेलर संजय शाही , महिला जेल प्रभारी मनोरमा सिंह को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया व सभी अधिकारियो ने संस्था द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की व संस्था को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया। इस कार्य में संस्था के सदस्य ज्योति त्यागी, संदीप कुमार, मीना रावल, रिषभ ने अमूल्य योगदान दिया।



# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक का सभासदों ने किया बहिष्कार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत कछवां बोर्ड की बैठक का सोमवार को एक बार फिर सभासदों ने बहिष्कार किया। दो वर्ष पूरे होने के बाद भी अध्यक्ष और सभासदों का आपस में तालमेल न होने से नगर पंचायत का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है।नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को आयोजित बोर्ड की बैठक में सभासदों ने जबरदस्त हंगामा किया। बोर्ड के सदस्यों ने पहले के प्रस्तावों पर अमल नहीं होने की बात कर बैठक का बहिष्कार कर दिया। कुछ सभासदों ने तो बोर्ड की बैठक को ही अवैध ठहरा दिया। सभासदों ने नगर से जुड़े कई गंभीर मुद्दे उठाकर समाधान की मांग की। सभासदों ने उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर तक नहीं किया। मगरवारी वार्ड के सभासद पवन मोदनवाल के साथ ही लालजी उर्फ बिल्ला, ज्योति चौरसिया, प्यारी देवी, मुन्नी देवी और मैनब हाशमी ने तो उपस्थिति ही दर्ज नही कराई।



# स्पोर्ट्स





## अच्छा क्रिकेट खेलते हैं तो पीआर की क्या जरूरत', सोशल मीडिया की बढ़ती लोकप्रियता पर आया धोनी का बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान ने सोशल मीडिया से दूर रहने के फायदे भी गिनवाए। उन्होंने बताया कि इससे दूरी बनाने से उनका जीवन तनाव और खुद उससे दूरी बनाए रखने पर बात की। पूर्व कप्तान ने बताया कि करियर के शुरुआती दौर में उनके मैनेजर उन्हें सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह देते थे, लेकिन उन्होंने रिलेशन (पीआर) की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा- अगर मैं अच्छा क्रिकेट खेलता हूं, तो मुझे किसी पीआर की जरूरत नहीं है।इस दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान ने सोशल मीडिया से दूर



रहित है। धोनी ने कहा- सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट करें, क्या न करें, यह एक बड़ी चुनौती बन जाती है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने सरल और शांत स्वभाव के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। अपने नेतृत्व कौशल की क्षमता के लिए मशहूर धोनी ने कभी सोशल मीडिया को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाया। अब मिस्टर कूल ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। यूरोग्रिप टायर्स को दिए एक इंटरव्यू में धोनी ने सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग इसे कभी तवज्जो नहीं दी। धोनी ने कहा- जब मैंने 2004 में क्रिकेट खेलना शुरू किया, तब सोशल मीडिया का इतना प्रभाव नहीं था। बाद में ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म आए। मेरे सभी मैनेजर्स ने कहा कि मुझे सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए, फैंस से जुड़ना चाहिए और अपनी पब्लिक रिलेशन मजबूत करनी चाहिए।धोनी अपने मैनेजर्स की इन बातों से इत्तेफाक नहीं रखते हैं। उनका मानना है कि अगर वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो उन्हें किसी पब्लिक रहने के फायदे भी गिनवाए। उन्होंने बताया कि इससे दूरी बनाने से उनका जीवन तनाव रहित है। धोनी ने कहा- सोशल मीडिया पर क्या पोस्ट करें, क्या न करें, यह एक बड़ी चुनौती बन जाती है। मैं हमेशा यही सोचता था कि अगर कोई बात सच में जरूरी होगी, तो उसे साझा करूंगा। मुझे यह सोचने में कभी दिलचस्पी नहीं रही कि किसके पास कितने फॉलोअर्स हैं। मेरी प्राथमिकता हमेशा मेरा खेल और मेरी टीम रही है।

## जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में मिल सकता है आराम, चैंपियंस ट्रॉफी है वजह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज में आराम दिया जा सकता है। इस सीरीज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज के साथ करेगी। वनडे सीरीज में बुमराह को आराम दिया जा सकता है।इंडिया टुडे के हवाले



की शुरुआत छह फरवरी को होगी। दूसरा मैच नौ और अंतिम मुकाबला 12 फरवरी को खेला जाएगा। माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के चलते टीम मैनेजमेंट बुमराह को आराम देने का फैसला कर सकता है। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलते नजर आ रहे हैं। खबर है कि नए साल की शुरुआत में उनके वर्कलोड को देखते हुए भारतीय टीम मैनेजमेंट उन्हें आराम दे सकता है। दरअसल, नए साल की शुरुआत से मिली जानकारी के मुताबिक, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज में आराम दिया जा सकता है। इस सीरीज की शुरुआत छह फरवरी को होगी। दूसरा मैच नौ और अंतिम मुकाबला 12 फरवरी को खेला जाएगा। माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के चलते टीम मैनेजमेंट बुमराह को आराम देने का फैसला कर सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में होगा। पाकिस्तान के अलावा इस टूर्नामेंट की मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ही में आगामी टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी कर दिया। टूर्नामेंट की शुरुआत 19 फरवरी से होगी जबकि फाइनल नौ मार्च को खेला जाएगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे। भारतीय टीम के सभी ग्रुप स्टेज के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। वहीं, बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में ही खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट 19 दिनों तक चलेगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। चार मैचों की आठ पारियों में 31 वर्षीय गेंदबाज ने 2.72 की इकोनॉमी से 30 विकेट चटकाए हैं। इनमें तीन पांच विकेट हॉल भी शामिल हैं। अब वह सिडनी टेस्ट में भी इस तरह के प्रदर्शन के लिए बेताब होंगे। बता दें कि, मेलबर्न टेस्ट में 184 रनों से मिली शिकस्त के बाद भारत इस सीरीज में 1-2 से पिछड़ गया है। टीम को सीरीज की समापन 2-2 की बराबरी पर करने के लिए हर हाल में तीन दिसंबर से शुरू होने वाले मैच में जीत दर्ज करनी होगी।

## नए साल के जश्न में डूबे भारतीय खिलाड़ी, रोहित से बुमराह तक ने दी फैंस को बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मंगलवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से लेकर जसप्रीत बुमराह तक सभी खिलाड़ियों ने नए साल का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर खास के लिए खेलना, टी20 विश्व कप का खिताब जीतना, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने से चूकना शामिल है। वीडियो में रोहित ने अपने परिवार की भी तस्वीर साझा की हैं। बता दें कि, इस साल उनकी पत्नी रितिका 106 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 537 विकेट झटके और वह बस पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले से पीछे थे जिन्होंने अपने टेस्ट करियर में 619 विकेट लिए हैं।भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह





तस्वीरें पोस्ट कीं और प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। नए साल की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। कुछ ही घंटों बाद भारत में हर कोई 2024 को अलविदा और 2025 का स्वागत कर रहा होगा। भारतीय टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और नए साल का स्वागत कर रही है। मंगलवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से लेकर जसप्रीत बुमराह तक सभी खिलाड़ियों ने नए साल का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर खास तस्वीरें पोस्ट कीं और प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं।भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक खास वीडियो अपने इंस्टा हैंडल से साझा किया। यह वीडियो 2024 में बिताई खट्टी-मीठी यादों का है, जिसमें हिटमैन का मुंबई इंडियंस सजदेह ने एक बेटे को जन्म दिया था। इस वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- सभी उतार-चढ़ावों और बीच की हर चीज के लिए 2024 को धन्यवाद।भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी साल 2025 का स्वागत करते हुए खास तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पत्नी प्रीति नारायण के साथ तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा- एक सपना जो आप अकेले देखते हैं वह सिर्फ एक सपना है। एक सपना जो आप साथ मिलकर देखते हैं वह हकीकत है। 2025 की शुभकामनाएं। अश्विन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। उन्होंने गाबा टेस्ट के बाद अपने संन्यास का एलान किया था। अश्विन ने टेस्ट में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज के तौर पर अपना करियर समाप्त किया। ने भी अपनी पत्नी संजना गणेशन के साथ 2024 को अलविदा कहा। उन्होंने अपने पूरे परिवार की तरफ से प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। बता दें कि, 31 वर्षीय गेंदबाज फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक खेले चार मुकाबलों में बुमराह ने 30 विकेट हासिल किए हैं। वह अब तक इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। उन्होंने वहीं से सभी को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खास वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा- आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। उत्तम स्वास्थ्य और नए उत्साह के साथ यह वर्ष मंगलमय हो।

## म्हात्रे का विश्व रिकॉर्ड; अभिषेक-उत्कर्ष ने तेज पारियों से अपनी-अपनी टीम को दिलाई सफलता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** म्हात्रे ने लिस्ट ए मैच में सबसे कम उम्र में 150 रन बनाकर मुंबई टीम के साथी और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी उम्र में 150 रन बनाकर मुंबई टीम के साथी और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जायसवाल ने 2019 में



जायसवाल द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मुंबई के आयुष म्हात्रे ने लिस्ट ए मैच में सबसे कम उम्र में 150 से अधिक रन बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया जबकि पंजाब के अभिषेक शर्मा ने सौराष्ट्र के खिलाफ 96 गेंदों में 170 रन बनाए। वहीं, झारखंड के उत्कर्ष सिंह ने नाबाद 91 रन बनाकर मंगलवार को विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी-अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। म्हात्रे ने लिस्ट ए मैच में सबसे कम झारखंड के खिलाफ 17 साल और 291 दिन की उम्र में रिकॉर्ड कायम किया था जबकि म्हात्रे ने 17 साल और 168 दिन की उम्र में नागालैंड के खिलाफ यह कारनामा किया। म्हात्रे ने 117 गेंदों में 11 छक्कों और 15 चौकों की मदद से 181 रन की पारी खेल टीम को 189 रन से बड़ी जीत दिलाई। मुंबई ने सात विकेट पर 403 बनाने के बाद नगालैंड की टीम नौ को विकेट पर 214 रन पर रोक दिया।उत्कर्ष की 60 गेंद में नाबाद 91 रन की पारी से झारखंड ने जयपुर में खेले गये ग्रुप ए के मैच में ओडिशा को सात विकेट से शिकस्त दी। ओडिशा को 24.5 ओवर में 162 रन पर आउट करने के बाद झारखंड ने उत्कर्ष की आक्रामक पारी से 23वें ओवर में मैच जीत लिया। उत्कर्ष ने अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए।भारतीय टीम के लिए खेल चुके करुण नायर की नाबाद 111 रन के दम पर विदर्भ ने विशाखापत्तनम में ग्रुप डी के मैच में तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। तमिलनाडु की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.6 ओवर में 256 रन पर आउट हो गयी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज तुषार रहेजा ने 75 और मोहम्मद अली ने 48 रन बनाये। विदर्भ के लिए दर्शन नालकंडे ने 9.4 ओवर में 55 रन देकर छह विकेट लिए। नायर ने इसके बाद 103 गेंद की नाबाद पारी में 14 चौके और एक छक्का जड़कर टीम को आसानी से लक्ष्य के पार पहुंचा दिया भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 96 गेंदों में 22 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 170 रन बनाए।

## मैदान पर नहीं दिखता विराट का अनुशासन', भारत की हार से खफा इरफान पठान ने कोहली को जमकर लताड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मुकाबला समाप्त होने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा- दोनों सीनियर्स (रोहित और विराट) का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे। वे लगातार गलतियां कर रहे हैं। ने विराट कोहली की बल्लेबाजी और उनकी ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर खेले गए गलत शॉट्स को लेकर भी बात की। दिग्गज ने आगे कहा- विराट कोहली की यह पुरानी कमजोरी है, लेकिन वह अब तक इसे सुधार नहीं पाए हैं। यह शॉट



मेलबर्न टेस्ट में भारत की हार ने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के प्रदर्शन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यशस्वी जायसवाल (84) के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिक कर नहीं खेल सका। कप्तान रोहित नौ और कोहली पांच रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों की खराब फॉर्म ने भारत को सीरीज में पिछड़ने पर मजबूर कर दिया। यही कारण है कि दोनों खिलाड़ी अब पूर्व दिग्गजों के निशाने पर हैं।सोमवार को मुकाबला समाप्त होने के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा- दोनों सीनियर्स (रोहित और विराट) का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे। वे लगातार गलतियां कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व गेंदबाज ने कोहली के ऑफ-फील्ड अनुशासन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- हम सभी उनके अनुशासन की बात करते हैं, लेकिन वह मैदान पर इसे क्यों नहीं ला पा रहे इस दौरान इरफान पठान पहली बार नहीं है। वह ऑफ-स्टंप के बाहर ड्राइव खेलने का प्रलोभन छोड़ नहीं पा रहे हैं।कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक के साथ की थी। कोहली का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतर रहा है, ऐसे में सभी को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोहली पर्थ टेस्ट में शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए थे और उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा था। कोहली इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके और अगले तीन मैचों में रन बनाने में विफल रहे। पर्थ टेस्ट में शतक के बावजूद कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और उन्होंने सीरीज में अब तक 5, नाबाद 100, 7, 11, 3, 36 और 5 रन की पारियां खेली हैं।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दमदार प्रदर्शन का दीप्ति शर्मा को मिला फायदा, शीर्ष पांच में पहुंचीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 27 वर्षीय गेंदबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे जिसमें



अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। भारत ने वडोदरा में यह वनडे सीरीज 3-0 से जीतकर सफाया किया था। भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गईं। शीर्ष-पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप से 12 अंक पीछे हैं। 27 वर्षीय गेंदबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। भारत ने वडोदरा में यह वनडे सीरीज 3-0 से जीतकर सफाया किया था। बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा 537 अंक के साथ शीर्ष-20 में जगह बनाने के करीब हैं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने चुनी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर, जसप्रीत बुमराह को बनाया कप्तान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बुमराह ने इस साल सिर्फ एक मैच में टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। इस मैच में टीम इंडिया ने मेजबानों को 295 रन से हराया था।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को टेस्ट टीम ऑफ द ईयर का एलान किया। इस टीम का कप्तान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बनाया गया है। हैरानी की बात ये है कि टीम में पैट कमिंस को जगह नहीं मिली है जबकि वह ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के मौजूदा कप्तान हैं।बुमराह ने इस साल सिर्फ एक मैच में टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मुकाबले में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। इस मैच में टीम इंडिया ने मेजबानों को 295 रन से हराया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक चार मुकाबले खेले गए हैं। इनमें 31 वर्षीय गेंदबाज ने 30 विकेट हासिल किए हैं। वह अब तक इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।बुमराह के अलावा गया है। उनके अलावा इंग्लैंड के बेन डकेट को भी ओपनिंग का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने इस साल हॉल भी शामिल हैं। वहीं, बल्ले से भी वह प्रभावित करने में कामयाब रहे। उन्होंने एक



भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में चुना है। उन्होंने इस साल 15 मैचों में 54.74 के औसत से 1478 रन बनाए। इनमें तीन शतक और नौ अर्धशतक शामिल हैं। उन्हें बतौर सलामी बल्लेबाज टीम में शामिल किया 17 मैचों में दो शतकों की मदद से 1149 रन बनाए।ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम ऑफ द ईयर में शामिल नहीं किया गया है। उनके लिए यह साल शानदार रहा था। नौ मैचों की 18 पारियों में उन्होंने कुल 37 विकेट अपने नाम किए। इनमें दो पांच विकेट अर्धशतक की मदद से 306 रन बनाए। इस टीम में एलेक्स कैरी और जोश हेजलवुड को शामिल किया गया है जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, बेन डकिट, जो रूट, राचिन रवींद्र, हैरी ब्रूक, कमिंडू मेंडिस, एलेक्स कैरी, मैट हेनरी, जोश हेजलवुड, केशव महाराज।

# सम्पादकीय

## नए वर्ष में राजनीति की रंगत, पक्ष-विपक्ष में आपसी तल्खी बढ़ने के आसार

नए वर्ष का स्वागत अनेक आशाओं के साथ अवश्य किया जा रहा है, लेकिन बीता वर्ष बता रहा है कि इस नए वर्ष में टकराव की राजनीति जारी रहेगी। शायद आपसी तल्खी और बढ़ जाए। 2024 राजनीतिक विरासत ही कुछ ऐसी छोड़ कर जा रहा है। वैसे राजनीतिक टकराव की नींव वर्ष 2023 में ही तब पड़ गई थी, जब दो दर्जन विपक्षी दलों ने आईएनडीआईए बनाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गौतम अदाणी के जरिये सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार किया, जिनकी साख भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी रही है। बीच-बीच में उजागर अंतर्विरोधों के बावजूद आईएनडीआईए 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम बहुमत पाने से वंचित करने में सफल भी रहा, पर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मित्रों की बदौलत मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए। फिर भी लगातार दो लोकसभा चुनावों में पस्तहाल रहे विपक्ष को संजीवनी तो मिल ही गयी उसका असर भी नई संसद के पहले सत्र में दिखा, जब विपक्ष ज्यादा आक्रामक दिखा, पर फिर समीकरण बदल गए। पहले हरियाणा और फिर महाराष्ट्र में प्रचंड जीत से भाजपा ने विपक्ष के उत्साह की हवा निकाल दी। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के आक्रामक तेवर भी लौट आए तो आईएनडीआईए में तकरार दरारों में तब्दील होती दिखी। संसद के बीते सत्र में भीमराव आंबेडकर का मुद्दा भी जुड़ गया। यह तय है कि नए वर्ष में वक्फ बोर्ड और एक देश-एक चुनाव विधेयक पर भी जोर आजमाइश जारी रहेगी और समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर भी राजनीति गरमाएगी। इस सबकी छाया वर्ष 2025 पर पड़ेगी ही। आंबेडकर मुद्दे पर प्रदर्शन के दौरान भाजपा-कांग्रेस सांसदों में हुई धक्का-मुक्की मामले में राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो चुकी है। यह मामला पिछली लोकसभा में मानहानि मामले में राहुल गांधी की सदस्यता समाप्ति के बाद भाजपा-कांग्रेस में चले टकराव के दूसरे संस्करण का रूप ले सकता है। भाजपा मामले को कानूनी रूप देना चाहेगी, जबकि कांग्रेस राजनीतिक। हालांकि अदाणी और ईवीएम मुद्दे पर कांग्रेस आईएनडीआईए में अकेली पड़ती दिख रही है, लेकिन आंबेडकर के मुद्दे को वह फिर 'गेम चेंजर' बनाना चाहेगी। साझा लाभ देख कर आईएनडीआईए भी आंबेडकर के मुद्दे पर एक स्वर में बोलता नजर आएगा इसकी पुष्टि इससे होती है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने भगवान का अपमान बताते हुए आंबेडकर के नाम पर स्कालरशिप शुरू करने का ऐलान कर दिया है। निःसंदेह भाजपा भी शांत नहीं बैठने वाली। जाहिर है इस मसले पर टकराव आगे भी देखने को मिलेगा। किसी की प्रतिबद्धता मापने का कोई पैमाना न भी हो, पर ऐसे भावनात्मक मुद्दों के चुनावी दोहन का मौका कोई नहीं चूकना चाहता  नया साल शुरू होते ही फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव हैं। देश की राजधानी में सत्ता की 'हैट्रिक' करने वाली आप चौथी बार जनादेश मांगेगी, जबकि 27 साल से विपक्ष में बैठी भाजपा दिल्लीवासियों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह राजनीतिक शोध का विषय है कि पिछले तीन लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी सात सीटें जिताने वाली दिल्ली उसे विधानसभा चुनावों में क्यों नकारती रही है नए साल में दिल्ली के दिल में किसके लिए क्या है, वह तो चुनाव परिणाम बताएंगे, पर यह स्पष्ट है कि भाजपा और आप के बीच राजनीतिक टकराव चरम पर पंहुचेगा। टकराव कांग्रेस और आप के बीच भी बढ़ने वाला है। लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ीं कांग्रेस और आप विधानसभा चुनाव अकेले तो लड़ेंगी ही, एक-दूसरे पर तल्ख आरोप भी लगाएंगी। इसकी शुरूआत हो चुकी है।दिल्ली कांग्रेस के बड़े नेता अजय माकन ने आप से दोस्ती को गलती मानते हुए केजरीवाल को देश विरोधी करार दे दिया है।

# स्वागतम् 2025: भाग-दौड़ के साथ अगर फुरसत की कद्र करें बस हंसते रहें साल 'हैप्पी' हो जाएगा

समय की चाल के साथ ख्वाबों में सलवटें पड़ जाती हैं। उन सलवटों को रंग देने का वक्त होता है नया साल और ऐसा तब होता है, जब वक्त के साथ हम खुद को बदलते हैं। भाग-दौड़ के साथ अगर फुरसत की कद्र करें और हर पल अपने निशाने को याद रखें तो जिंदगी में सावन तो झूम कर आएगा ही। संगीत में रिद्म सब कुछ है और यह रिद्म इन्सान की जिंदगी और प्रकृति में भी बहुत मायने रखती है। बायोरिद्म यानी हमारे दिल की धड़कन जब तक सही चलती है, तब तक जीवन भी सही चलता है और जब यह ऊपर-नीचे होती है तो सेल्स खराब होने लगते हैं। कोविड महामारी में हमें बताया गया कि जूते-चप्पल बाहर उतारकर आइए, हाथ मिलाने की जगह नमस्कार करिए। ये तो हमारे पुराने संस्कार थे। ऋषि-मुनियों ने हमारी संस्कृति, हमारे संगीत को बनाया, इसीलिए उसमें रिद्म है और यह रिद्म जीवन में बहुत जरूरी है। अभी मैं कहीं पढ़ रही थी कि लोगों में 64 प्रतिशत अवसाद बढ़ा है। इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने हर महीने के पहले रविवार को 'पॉजिटिव वीकेंड' नाम से कार्यक्रम शुरू किया। इसमें अमीर-गरीब, कोई भी व्यक्ति आकर बैठ सकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि कैसे हम लोगों को पॉजिटिविटी की तरफ ले जाएं, क्योंकि संगीत वेलनेस और पॉजिटिविटी का सबसे बड़ा माध्यम है। दुनिया में और समाज में जो संघर्ष चल रहा है, उसमें म्यूजिकल मेडिटेशन, रिद्मिक मेडिटेशन उन्हें जीने की राह दिखाता है। संगीत का अर्थ ही है संस्कार। इसकी भाषा सबको जोड़ती है। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि नए साल में हमें जीवन में अपनी संस्कृति और शास्त्रीय संगीत को जरूर शामिल करना चाहिए। अपने गुरु उस्ताद जाकिर हुसैन के जाने के बाद तबले के क्षेत्र में मेरी जिम्मेदारी बढ़ गई है। नए साल में मुझे 'शिव-शक्ति और तबला जुगलबंदी' तथा 'तबले पर रामायण' के अपने कॉन्सेप्ट को आगे बढ़ाना है। साथ ही देश के पहले हिंदुस्तानी और कर्नाटक महिला संगीतकारों के अपने ग्रुप 'स्त्री शक्ति' को और आगे ले जाना है। मेरे लिए नया साल एक नई शुरुआत है। मैं कोशिश



करती हूं कि पिछले वर्ष जो गलतियां की हैं, वो दोबारा न करूं। मैं नए साल में एक लक्ष्य निर्धारित करती हूं कि अगले साल में मुझे क्या तीन टॉप चीजें अचीव करनी हैं, फिर उनको हासिल करने के लिए पूरी लगन के साथ मेहनत करती हूं। मेरा नजरिया यही रहता है कि जो इस साल किया है, अगले साल उससे भी बेहतर काम करूं। नया का मतलब ही होता है कि जीवन में अपने लिए, परिवार के लिए, देश के लिए, समाज के लिए कुछ नया किया जाए। इसलिए सभी को, खासकर युवाओं को नए साल में कुछ नया रचने का संकल्प लेना चाहिए। आजकल के माहौल को देखते हुए ऐसा लगता है कि सेल्फ लव, सेल्फ रिस्पेक्ट, सेल्फ एप्रिसिएशन सबसे ज्यादा महत्व रखते हैं। 'पीस ऑफ माइंड' बहुत महत्व रखता है। आप क्या कार्य करते हैं, वो कार्य आपको खुशी देता है या नहीं, यह बहुत मायने रखता है। इसलिए नया रचते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वह काम खुद को सुकून देता है। जो काम, जो इनोवेशन खुद को सुकून दे, उसे ही करना चाहिए। आजकल जिंदगी भाग-दौड़ भरी हो गई है, लेकिन जिंदगी में ठहराव बेहद जरूरी है। मैं कहना चाहती हूं कि अगर समय मिले तो कुछ पल सोशल मीडिया से दूर होकर जीवन जीया जाए, तो उससे सुंदर कुछ नहीं है। परिवार के साथ समय बिताएं। जिंदगी को खुलकर जीएं और किसी का दिल न दुखाएं, क्योंकि खुलकर जीने का मतलब यह नहीं है कि अपनी मस्ती में हम दूसरों को दुख दें, उन्हें कष्ट पहुंचाएं। मैं लोगों, खासकर युवाओं से यह कहना चाहती हूं कि नव वर्ष पर सभी लोग अपनी सेहत पर पूरा ध्यान दें, क्योंकि स्वास्थ्य अच्छा होगा तो कुछ भी पाया जा सकता है। साथ ही जीवन का लक्ष्य जरूर बनाएं, क्योंकि बिना लक्ष्य के सफलता नहीं मिलती। पहले लक्ष्य बनाएं और फिर पूरी लगन के साथ उसे हासिल करने में जुट जाएं। हर सुबह हम जो पहला काम करते हैं, वो हमारे पूरे दिन की दिशा तय करता है। इसी तरह एक अच्छा दिन पूरे साल को बेहतर बना सकता है। करीब तीन दशक पहले की बात है। पहली जनवरी की सुबह पुणे के गौतम द बुद्धा सभागार में हजारों ओशो संन्यासी ध्यान करने और हंसने के लिए जुटे और इसे पहला ओशो विश्व हास्य दिवस घोषित किया गया। दूरदर्शन ने इसका प्रसारण किया था। तब से यह आनंदमय तरीका दुनियाभर के ओशो मेडिटेशन सेंटर पर नए साल के स्वागत की एक परंपरा बन गई है। हास्य व्यक्ति को पूरी तरह बदल देने वाला मेडिटेशन है। एक बार ओशो ने कहा था, ङ्कअगर लोग रोज कम से कम एक घंटा पूरी तरह हंस सकें तो उन्हें किसी प्रकार के मेडिटेशन की जरूरत नहीं होगी।ङ्ग हंसी आपको वर्तमान में ले आती है। यह अभ्यास मन को मुक्त बनाता है और आपको वर्तमान में जीना सिखाता है। हास्य को अपनी सुबह का हिस्सा बनाएं। ओशो दिन की शुरुआत हल्के व्यायाम से करने का सुझाव देते हैं। आंखें बंद कर कुछ मिनटों के लिए पहले शरीर को स्ट्रेच करें, फिर हंसना शुरू करें। हो सकता है कि शुरुआत में आपको जबरदस्ती हंसना पड़े, लेकिन जल्द ही आपकी हंसी वास्तविक स्वरूप में आ जाएगी और आपको आनंदमय अहसास देगी। जिनको हंसना मुश्किल लगता है, उनके लिए ओशो ने एक सामान्य यौगिक शुद्धिकरण प्रक्रिया भी बताई है। इसमें सुबह नमकीन गुनगुना पानी पीना और फिर धीरे-धीरे उल्टी करना शामिल है। यह प्रक्रिया भावनात्मक और शारीरिक रुकावटों को दूर करती है, जिससे हंसी स्वाभाविक और मुक्त रूप से प्रवाहित होती है। इस एक जनवरी को 'ओशो विश्व हांस्य दिवस' के रूप में मनाएं और इसके उपचारात्मक, आनंदमय अहसास को दुनियाभर में फैलाएं। साल की शुरुआत आनंद, सजगता और हास्य को जीवन का हिस्सा बनाने के संकल्प के साथ करें।इन्सान के लिए सबसे जरूरी है कि उसका मस्तिष्क स्वस्थ रहे और मस्तिष्क तभी स्वस्थ रह सकता है, जब शरीर स्वस्थ हो। स्वस्थ शरीर के लिए जरूरी है कि हम शारीरिक तौर पर सक्रिय रहें। खेल इसका सबसे अच्छा जरिया हैं, जहां आप एक आनंद की अनुभूति के साथ पसीना बहा रहे होते हैं। यह बात किसी पेशेवर खिलाड़ी के लिए नहीं, बल्कि हर शख्स के लिए जरूरी है- डॉक्टर के लिए, इंजीनियर के लिए, नेता के लिए, अभिनेता के लिए, व्यापारी के लिए। खेल न केवल आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि उमंग, उल्लास से भर देते हैं और जब आप उत्साहित होते हैं तो आपका सब अच्छा होता है। चाहे दिन हो, महीना हो, साल हो या फिर पूरा जीवन। मेरी नजर में हर दिन, हर घंटा, हर मिनट और हर सेकंड की महत्ता है। चाहे वो 31 दिसंबर हो या फिर एक जनवरी। हमें हर पल जीवन को जीना चाहिए। चलते जाने का नाम ही जिदंगी है। जीवन में न कुछ असंभव है, न कुछ स्थायी है। सब कुछ संभव है, सब कुछ चराचर है। आज आपकी चीजें खराब चल रही हैं तो कल अच्छी होंगी। अगर जीत स्थायी नहीं है तो हार भी स्थायी नहीं है। इसलिए सकारात्मक रहते हुए अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहें। अपना शत-प्रतिशत दें, क्योंकि यही एक चीज है, जो आपके नियंत्रण में है। बाकी जीवन में उतार-चढ़ाव तो आने ही हैं। कभी कम में ज्यादा मिलेगा तो कभी बहुत मेहनत के बाद भी चीजें हमारे अनुकूल नहीं होंगी। बस, हमें हर परिस्थिति में सहज, सकारात्मक रहते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

# साल 2025 में शनि राशि के साथ-साथ नक्षत्र परिवर्तन भी करेंगे। वह गुरु के नक्षत्र पूर्व भाद्रपद में विराजमान रहेंगे। ऐसे में मेष सहित इन तीन राशियों के ऊपर शनिदेव की विशेष कृपा हो सकती है।

न्यायाधीश, कर्म व सेवा के ग्रह माने जाने वाले शनि देव सबसे धीमी गति से चलने वाला ग्रह माना जाता है। ऐसे में शनि के राशि परिवर्तन का असर 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से अवश्य पड़ सकता है। शनि साल 2025 में राशि के साथ-साथ नक्षत्र परिवर्तन करेंगे, जिसका असर 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से अवश्य पड़ने वाला है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि 27 दिसंबर 20224 को पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश कर गए थे। जहां वह 28 अप्रैल 2025 तक रहेंगे। इसके साथ ही 29 मार्च 2025 को शनि मीन राशि में प्रवेश कर जाएं। आकाश मंडल के 27 नक्षत्रों में 25 वां नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद है। इसके साथ ही इस नक्षत्र की दो राशियों है,जो 20 डिग्री को कुंभ से लेकर 3 डिग्री 20 मिनट मीन राशि तक रहता है। ऐसे में शनि के नक्षत्र परिवर्तन करने का असर 12 राशियों के जीवन में किसी न किसी तरह से अवश्य पड़ सकता है। बता दें कि शनि पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र की दोनों राशियां यानी कुंभ और मीन राशि में रहने वाले हैं। ऐसे में जातकों को खूब लाभ मिल सकता है। आइए जानते है शनि के पूर्व भाद्रपद नक्षत्र में रहने से अप्रैल तक किन राशियों की किस्मत चमक सकती है **आचार्य पंडित सुधांशु तिवारी** (प्रश्न कुण्डली विशेषज्ञ/ ज्योतिषाचार्य) वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि 29 मार्च तक कुंभ राशि में रहेंगे और इसके बाद मीन राशि में प्रवेश कर जाएंगे। गुरु बृहस्पति की बात करें, तो उन्हें ज्ञान के कारक हैं और शनि सेवा के कारक माना जाता है। ऐसे में शनि के नक्षत्र परिवर्तन करने में इन तीन राशियों को खूब लाभ मिल सकता है। **मेष** मेष राशि वालों, राशिफल 2025 के अनुसार आपको औसत या फिर औसत से बेहतर परिणाम भी इस वर्ष मिल सकते हैं। विशेषकर मार्च के महीने तक शनि की विशेष कृपा से आप विभिन्न मामलों में अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। वहीं इसके बाद परिणाम तुलनात्मक रूप से कुछ कमजोर रह सकते हैं। हालांकि विदेश आदि से संबंध रखने वाले लोगों को मार्च के बाद भी अच्छे परिणाम भी मिल सकते हैं। बृहस्पति का गोचर भी मई के मध्य तक आपके आर्थिक पक्ष को मजबूत रखना चाहेगा। अर्थात सामान्य तौर पर इस वर्ष आप अपने व्यापार व्यवसाय में अच्छा करते हुए देखे जाएंगे। फिर भी साल के दूसरे हिस्से में सावधानी पूर्वक निर्वाह करने की जरूरत रहेगी। विद्यार्थियों को भी इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक निष्ठावान बनाकर अध्ययन करने की आवश्यकता रहेगी। यदि विवाहित हैं तो जीवनसाथी या जीवन संगिनी के स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी रहेगा। साथ ही साथ एक दूसरे के साथ संबंधों को मेंटेन करना भी जरुरी रहेगा। प्रेम प्रसंग के दृष्टिकोण से यह साल कुछ हद तक कमजोर रह सकता है। **वृषभ** वृषभ राशि वालों, राशिफल 2025 आपसे कुछ एक्स्ट्रा मेहनत करवाने के संकेत दे रहा है लेकिन मेहनत के अच्छे परिणाम देने का काम भी कर सकता है। विशेषकर मार्च 2025 तक शनि देव आपसे एक्सट्रा मेहनत करवाने के बाद अच्छे परिणाम देते हुए प्रतीत हो रहे हैं। वही मार्च 2025 के बाद मेहनत के पूरे परिणाम मिल सकते हैं। अर्थात एक्स्ट्रा मेहनत करने की जरूरत नहीं रहेगी, बल्कि जैसी मेहनत वैसे परिणाम। वहीं राहु का गोचर मई तक आपके लिए काफी अच्छी परिणाम देने का संकेत कर रहा है। मई के बाद कार्यक्षेत्र में कुछ उलझने रह सकती हैं। ऐसे में शनि और राहु दोनों की स्थितियों को देखकर ऐसा लगता है की कठिनाई तो पूरे वर्ष बरकरार रह सकती है लेकिन कठिनाई के बाद काम सफल होंगे और अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। बृहस्पति का गोचर भी आर्थिक मामले में आपकी मेहनत के अनुरूप आपको अच्छे परिणाम देने और दिलाने का संकेत कर रहा है। शिक्षा के दृष्टिकोण से यह वर्ष अच्छा रह सकता है। वहीं विवाह और वैवाहिक जीवन से संबंधित मामलों के लिए भी इस वर्ष को अच्छा कहा जाएगा। प्रेम संबंध के लिए भी साल 2025 सामान्य तौर पर अनुकूल परिणाम दे सकता है। **मिथुन** मिथुन राशि वालों, साल 2025 तुलनात्मक रूप से बेहतर साल रह सकता है। अर्थात 2025 की तुलना में साल 2025 ज्यादा अच्छा रह सकता है। मार्च तक शनि देव भाग्य के माध्यम से कुछ सपोर्ट देना चाहेंगे। वहीं इसके बाद आपसे अधिक मेहनत लेकर अच्छे परिणाम भी दे सकते हैं। अर्थात यह साल मेहनत तो करवाएगा लेकिन परिणाम तुलनात्मक रूप से बेहतर और संतोषप्रद रह सकते हैं। राहु के गोचर को देखते हुए अपने बड़े बुजुर्गों और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध रखने की कोशिश जरूरी रहेगी। पुरुषार्थ करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म और परमात्मा के प्रति निष्ठा भी जरूरी रहेगी। तभी मानसिक शांति बरकरार रह सकेगी। जिसका प्रभाव आपके काम धंधे और व्यक्तिगत जीवन पर नजर आएगा। वहीं आध्यात्म से दूरी मानसिक चिंता बढ़ाने का काम कर सकती है। बृहस्पति का गोचर मई के महीने तक कमजोर लेकिन बाद में तुलनात्मक रूप से अच्छे परिणाम देना चाहेगा। अतः राशिफल 2025 के अनुसार आर्थिक मामले में इस साल आप मिले जुले परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। परिणाम एवरेज से बेहतर भी रह सकते हैं। निजी जीवन में भी मई के बाद वाला समय ज्यादा अच्छा रह सकता है। मामला प्रेम प्रसंग का हो या फिर दांपत्य जीवन का; मई के बाद आप तुलनात्मक रूप से बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थीगण भी मई के बाद ज्यादा अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। **कर्क** कर्क राशि वालों, साल 2025 आपको बड़ी समस्याओं से राहत दिलाने का काम कर सकता है। विशेषकर मार्च के बाद आपको पिछली समस्याओं से निजात मिल सकती है और आपके भीतर एक नई ऊर्जा तथा नई स्फूर्ति देखने को मिल सकती है। बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप बेहतर करते हुए देखे जा सकेंगे। समस्याएं अभी पूरी तरह से दूर होती हुई नहीं नजर आ रही है लेकिन समस्याओं के कम होने से आप राहत की सांस ले सकेंगे। मई तक अच्छे लाभ के योग निर्मित हो रहे हैं। वहीं मई के बाद खर्च भी बढ़ सकते हैं। हालांकि विदेश या जन्म स्थान से दूर रहने वाले लोगों को मई के बाद भी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं लेकिन अन्य लोगों को आर्थिक और पारिवारिक मामलों में मई के बाद एक्स्ट्रा समझदारी और जागरूकता दिखाने की आवश्यकता रहेगी। राहु का गोचर भी मई के बाद तुलनात्मक रूप से कमजोर हो सकता है। अतः बीच-बीच में अप्रत्याशित रूप से कुछ परेशानियां रह सकती हैं। प्रेम विवाह और दांपत्य संबंधी मामलों के लिए मई तक का समय तुलनात्मक रूप से बेहतर कहा जाएगा। विद्यार्थीगण भी मई के पहले ही अपनी पढ़ाई की गति को मेंटेन कर लेंगे तो आगे आने वाले समय में भी अनुकूल परिणाम मिलते रहेंगे। **सिंह** सिंह राशि वालों, साल 2025 कुछ मामलों के लिए अच्छा तो कुछ मामलों के लिए कमजोर रह सकता है। अर्थात यह साल सामान्य तौर पर मिले-जुले परिणाम दे सकता है। मार्च के महीने शनि का गोचर एवरेज तो वहीं मार्च के बाद कमजोर परिणाम दे सकता है। लिहाजा व्यापार व्यवसाय और नौकरी से जुड़े मामलों में कुछ कठिनाइयां या परेशानियां देखने को मिल सकती हैं। नौकरी में स्थानांतरण या परिवर्तन करने की भी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। फलस्वरुप घर से दूर भी रहना पड़ सकता है। हालांकि आर्थिक मामले में यह साल सामान्य तौर पर अच्छे परिणाम दे सकता है। क्योंकि साल की शुरुआत में बृहस्पति की दृष्टि धन स्थान पर रहेगी। वहीं बाद में बृहस्पति लाभ भाव में पहुंचकर विभिन्न माध्यमों से लाभ करवाना चाहेगा। अर्थात कामों में कुछ कठिनाइयां लेकिन आर्थिक मामले में अनुकूलता देखने को मिल सकती है। निजी संबंधों में भी मई के बाद का समय ज्यादा अच्छे परिणाम दे सकता है। विवाह से संबंधित मामलों में अनुकूलता देखने को मिल सकती है। संतान आदि से संबंधित मामलों में भी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। वहीं शिक्षा से संबंधित मामलों में भी मई के बाद का समय ज्यादा अच्छे परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है।**कन्या** कन्या राशि वालों, साल 2025 आपके लिए एवरेज या फिर एवरेज से बेहतर परिणाम दे सकता है। हालांकि शनि के गोचर की बात की जाए तो शनि साल की शुरुआत से लेकर मार्च महीने तक काफी अच्छी परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। वहीं बाद में शनि का गोचर कुछ मामलों में कमजोर परिणाम दे सकता है। वहीं बृहस्पति का गोचर मई के मध्य तक काफी अच्छे परिणाम दे रहा है, जबकि बाद में मिले-जुले परिणाम दे सकता है। इन सबके बीच अनुकूल बात यह रहेगी कि मई के बाद आपके प्रथम और सप्तम भाव से राहु केतु का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। फलस्वरुप व्यापार व्यवसाय में आ रही अड़चने दूर होंगी। दांपत्य संबंधी मामलों में भी अनुकूलता देखने को मिलेगी। विवाह के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। स्वास्थ्य में भी तुलनात्मक रूप से बेहतरी देखने को मिल सकती है। राशिफल 2025 के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी अच्छे परिणाम मिलने की संभावनाएं हैं। इस तरह से हम पाते हैं कि कुछ एक मामलों को छोड़कर ज्यादातर मामलों में यह साल आपके लिए अनुकूल परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। **तुला** तुला राशि वालों, साल 2025 आपके लिए अधिकांश मामलों में काफी अच्छे परिणाम देता हुआ प्रतीत हो रहा है। विशेषकर मई के बाद की स्थितियां काफी अच्छी रह सकती हैं। मार्च के महीने से शनि ग्रह के गोचर की अनुकूलता आपकी पुरानी समस्याओं को दूर करके उन्नति के नए द्वार खोल सकती है। विशेषकर नौकरी आदि से संबंधित मामलों में काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आपकी सोचने की शक्ति और प्रखर होने के कारण आप अब बेहतर योजना बनाकर व्यापार व्यवसाय में भी अच्छा कर सकेंगे। विद्यार्थीगण के जीवन में आ रही कठिनाइयां भी दूर होंगी। मई मध्य के बाद बृहस्पति ग्रह की अनुकूलता भी बड़ी कठिनाइयों को दूर करने का काम करेगी। भाग्य बेहतर ढंग से साथ देगा। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन जीवन में तरक्की के द्वार खोलेगा। यदि आप विद्यार्थी हैं तो बृहस्पति शिक्षा के मामले में मदद करेगा। वहीं अन्य लोगों को आर्थिक मामले में बृहस्पति के द्वारा अच्छी अनुकूलता देखने को मिल सकती है। मई मध्य के बाद का समय प्रेम, विवाह, वैवाहिक जीवन आदि से संबंधित मामलों में अच्छी अनुकूलता देने का काम कर सकता है। **वृश्चिक** वृश्चिक राशि वालों, साल 2025 आपको मिले-जुले परिणाम दे सकता है। एक ओर जहां मार्च के बाद शनि का गोचर चतुर्थ भाव से अपनी नकारात्मकता समेटता हुआ प्रतीत हो रहा है, वहीं मई से राहु का गोचर चतुर्थ भाव में हो जाएगा। अतः कुछ बड़ी और पुरानी समस्याएं दूर हो सकती हैं लेकिन नए सिरे से भी पुनः कुछ परेशानियां भी देखने को मिल सकती हैं। हालांकि यदि आपको पेट या मस्तिष्क से संबंधित कुछ परेशानियां पिछले दिनों से रही हैं, तो उनमें आपको राहत देखने को मिल सकती है। बृहस्पति का गोचर भी मई मध्य तक सप्तम भाव से आपको अच्छी खासी अनुकूलता देता हुआ प्रतीत हो रहा है लेकिन मई मध्य के बाद बृहस्पति अष्टम भाव में जाकर कुछ कमजोर हो जाएंगे। हालांकि दूसरे भाव पर प्रभाव डालने के कारण कोई बड़ी आर्थिक समस्या नहीं आएगी लेकिन आमदनी के स्रोत कुछ हद तक धीमें रह सकते हैं। शिक्षा से संबंधित मामलों के लिए भी मई तक का समय अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल कहा जाएगा। विवाह, सगाई, प्रेम प्रसंग और संतान आदि से संबंधित मामलों के लिए भी मई मध्य से पहले का समय ज्यादा अच्छा कहा जाएगा।**धनु** धनु राशि वालों, साल 2025 कुछ अच्छे तो कुछ कमजोर परिणाम भी दे सकता है। एक ओर जहां मार्च 2025 तक शनि का गोचर आपके लिए पूरी तरह से अनुकूल है तो वहीं मई तक बृहस्पति का गोचर कमजोर रहेगा। मई मध्य के बाद बृहस्पति का गोचर आपके लिए अनुकूल हो जाएगा। तो वहीं मार्च के बाद शनि का गोचर कमजोर हो जाएगा। इस तरह से ये दोनों प्रमुख गोचर कुछ अच्छे तो कुछ कमजोर परिणाम दे सकते हैं। हालांकि सकारात्मक परिणामों की अधिकता रहेगी क्योंकि राहु का गोचर मई के बाद से चतुर्थ भाव से अपनी नकारात्मकता दूर कर लेगा। फलस्वरुप घर गृहस्थी से संबंधित कुछ परेशानियां दूर भी होंगी अथवा पुरानी समस्याएं दूर होकर शनि के कारण कुछ नहीं समस्याएं पैदा हो सकती हैं लेकिन फिर भी बदलाव की ऊर्जा मन को तुलनात्मक रूप से प्रसन्न करने का काम कर सकती है। बृहस्पति का गोचर आर्थिक मामले में अनुकूलता देता रहेगा। फलस्वरूप कोई आर्थिक विपन्नता नहीं आएगी जबकि मई के बाद आमदनी के स्रोतों में बढ़ोतरी भी देखने को मिल सकती है। मई के बाद का समय प्रेम, दांपत्य, विवाह और शिक्षा आदि से संबंधित मामलों में बेहतर परिणाम देने का काम कर सकता है। **मकर** मकर राशि वालों, साल 2025 आपको पुरानी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में अच्छा खासा मददगार बन सकता है। ऐसी समस्याएं जिन्हें आप लंबे समय से दूर नहीं कर पाए थे, उनके दूर होने के योग बनेंगे। घर परिवार में चल रही अशांति भी अब शांत हो जाएगी। यदि आप नौकरी इत्यादि में परिवर्तन करने की कोशिश करेंगे तो परिवर्तन भी संभव रहेगा। व्यापार व्यवसाय में भी परिवर्तन किया जा सकेगा। किसी नए व्यवसाय की शुरुआत भी संभव होगी। आप मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। आपके निर्णय लेने की क्षमता और मजबूत होगी। बीच-बीच में कहीं से अच्छे समाचार भी सुनने को मिल सकते हैं। इन सबके बावजूद भी मई के बाद आर्थिक और पारिवारिक मामले में जागरूक रहना समझदारी का काम होगा। क्योंकि मार्च के बाद से भले ही शनि का प्रभाव दूसरे भाव से दूर हो रहा है लेकिन मई के बाद से राहु का प्रभाव शुरू हो जाएगा। अतः समस्याएं तुलनात्मक रूप से काफी हद तक काम हो जाएगी लेकिन छोटे-मोटे व्यवधान अब भी रह सकते हैं, विशेषकर आर्थिक और पारिवारिक मामलों में। अतः इन मामलों में सचेत रहना समझदारी का काम होगा। मई मध्य से पहले का समय प्रेम प्रसंग के लिए अनुकूल रहेगा। विवाह और वैवाहिक जीवन से संबंधित मामलों के लिए भी अनुकूलता दे सकेगा लेकिन मई मध्य के बाद इन मामलों के लिए समय कम सपोर्ट कर पाएगा। विद्यार्थियों के लिए सामान्य तौर पर पूरा वर्ष ही किसी न किसी तरह से मददगार बनता रहेगा। **कुंभ** कुम्भ राशि वालों, साल 2025 आपको मिले-जुले परिणाम दे सकता है। कुछ मामलों में आपको एवरेज से बेहतर परिणाम भी मिल सकते हैं। एक ओर जहां मार्च के बाद शनि का प्रभाव प्रथम भाव से दूर हो रहा है जो आपके भीतर नई स्फूर्ति, नई ऊर्जा देने का काम करेगा। आप रुके हुए कामों को गति दे सकेंगे। यात्राओं के माध्यम से भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। वहीं मई के बाद राहु का प्रथम भाव में गोचर इसी तरह की परेशानियां फिर से दे सकता है। हालांकि परेशानियों का स्वरूप छोटा और कमजोर रह सकता है अर्थात पहले की तुलना में परेशानियां कम होगी लेकिन पूरी तरह से दूर नहीं हो पाएंगे। अतः अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए अपनी वास्तविक ऊर्जा के अनुरूप कार्य व्यवहार करना समझदारी का काम होगा। इससे आपका स्वास्थ्य भी अनुकूल बना रहेगा और आपके काम भी धीरे-धीरे करके पूरे होने लग जाएंगे। इस वर्ष माता के स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत जरूरी रहेगा। हालांकि इन सारे हालातों के बावजूद मई मध्य के बाद बृहस्पति के गोचर की अनुकूलता आपको विभिन्न मामलों में अच्छी सफलता दिला सकती है। यदि आप विद्यार्थी हैं तो मई मध्य के बाद आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। प्रेम संबंध के लिए भी गुरु का यह गोचर अनुकूल परिणाम देना चाहेगा। सगाई, विवाह और वैवाहिक जीवन के लिए भी बृहस्पति का यह गोचर अच्छा अनुकूल रहेगा लेकिन वैवाहिक जीवन में केतु बीच-बीच में छोटी-मोटी परेशानियां देना चाहेगा। तो वहीं बृहस्पति उन परेशानियों को दूर करना चाहेगा। अर्थात परेशानियां आएंगी लेकिन जल्दी ही ठीक हो जाएंगी। इसी तरह कार्य व्यवसाय नौकरी इत्यादि में भी छोटी-मोटी विसंगतियों के बाद सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहेगा।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks


Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



Ms. Riya Arora (Counsellor)

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


# पूर्व मंत्री डीपी यादव ने जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित कर दी नए साल की शुभकामनाएं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, गढ़ी चौखंडी में नए साल की पूर्व संध्या पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और प्रसिद्ध कारोबारी डीपी यादव ने प्रदेश में चल रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित किए। साथ ही उन्होंने अपने साथियों और क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।गरीब बच्चों को शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने का आह्वान कार्यक्रम के दौरान डीपी यादव ने कहा कि गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के बच्चों को समान अवसर प्रदान करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के उन बच्चों को, जो किसी न किसी कारणवश शिक्षा में पीछे रह गए हैं, मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ठहम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा मिले, बल्कि उनकी बुनियादी जरूरतें, जैसे कपड़े और किताबें भी पूरी हों। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बच्चों को एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देना समाज और देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यादव ने कहा कि जब नौनिहाल अच्छे स्वास्थ्य और शिक्षा से सुसज्जित होंगे, तो समाज का भविष्य उज्जवल होगा। श्री कृष्णा इंटर कॉलेज की सराहना कार्यक्रम के अंत में, डीपी यादव ने श्री कृष्णा इंटर कॉलेज के मैनेजमेंट और प्रधानाचार्य पूनम सिंह, कोषाध्यक्ष आर एन यादव, सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं सहित छात्र-छात्राओं को धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं । उन्होंने कहा, ठमुझे विश्वास है कि यह विद्यालय आने वाले समय में गरीब, मजदूर और आम मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेगा और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करेगा।



# उत्तर प्रदेश के 76वें जनपद को रिकॉर्ड समय में नागरिक सुविधाओं के साथ बसाने में जुटी योगी सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुम्भ भूमी एवं सुविधा अवांटनठ की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही कुम्भ 2019 में 5500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का किया गया था डिजिटलाइज़ेशन महाकुंभ में 10 हज़ार से अधिक संस्थाओं को जिसमे सरकारी , आपातकालीन,सुरक्षा ,सामजिक और धार्मिक संस्थाए आदि को सुविधाओं के साथ किया गया ज़मीन आवंटन मानसून के पहले और बाद में विभिन्न समय में ड्रोन सर्वेक्षण कर ज़मीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया है 2019 कुम्भ में शामिल रहीं संस्थाओं के आवेदनों को भी इस बार किया गया है स्वीकार आवेदक अपनी जमीन और सुविधाओं को ऑनलाइन देख सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल महाकुम्भ के विज़न को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ -2025 में साकार कर रहें हैं । योगी सरकार उत्तर प्रदेश के नए 76वें जनपद ठमहाकुम्भ नगरठ को रिकॉर्ड समय में सभी नागरिक सुविधाओं के साथ बसा रही है। महाकुम्भ 2025 में पहली बार मेला को बसाने का काम डिज़िटल तरीके से किया जा रहा है। ठमहाकुम्भ भूमी एवं सुविधा अवांटनठ की साइट पर भूमि और सुविधाएं एक क्लिक में मिल रही है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण मेले में जमीन आवंटन और मूलभूत सुविधाएं के काम में विभागों की जवाबदेही के साथ पूरी पारदर्शिता बरत रही है। जिससे ऑनलाइन आवेदन के साथ ही आवेदक अपनी ज़मीन और मेला में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओँ का स्टेटस ऑनलाइन कभी भी देख सकता है। कुम्भ 2019 में 5500 से अधिक संस्थाओं का सम्पूर्ण विवरण एवं उनके आवंटन का डिजिलाइज़ेशन किया गया है। पूरे मेले में 10 हज़ार से अधिक संस्थाओं को भूमि आवंटन किया जा रहा है इसमें सरकारी , आपातकालीन ,सामजिक और धार्मिक संस्थाए आदि शामिल हैं को आवंटन किया गया है। सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था से साधु संतों और संस्थाओं का काम बिना कतार में लगे आसानी और जल्द हो रहा है। गूगल मैप्स पर मुख्य स्थानों को मिली जगह महाकुम्भ सनातन के धार्मिक अनुष्ठानों का माहयज्ञ है। अमृत काल में लग रहे अमृत महोत्सव महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओँ का प्रयागराज में आने का अनुमान है। जबकी करोड़ो लोग महाकुम्भ के दौरान यहाँ कल्पवास करेंगे अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि कुंभ मेला के लिए 25 सेक्टरों में फैले 4000 हेक्टेयर क्षेत्र का लेआउट जीआईएस आधारित नक्शे का उपयोग करके तैयार किया गया है। मानसून के पहले और बाद में विभिन्न समय में ड्रोन सर्वेक्षण कर ज़मीन की टोपोग्राफी और भू-भाग का सटीक नक्शा तैयार किया गया। सर्वेक्षणों के माध्यम से हाई - रिज़ॉल्यूशन के,नक्शे, जीआईएस बेस लेयर, और 0.5 सेमी की एकुरैशी के साथ जियो-रेफरेंस कैड फ़ाइल तैयार की गई। प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिताओं और अन्य आपातकालीन मुख्य स्थानों को श्रद्धालुओं के लिए गूगल मैप्स पर उपलब्ध कराया गया है। इसमें मुख्य रूप से आपातकालीन सेवाएं ,थाने,चौकियां, कमांड और कंट्रोल सेंटर, अस्पताल पार्किंग क्षेत्र, फूड कोर्ट, वेंडिंग ज़ोन,शौचालय, पांटून ब्रिज, सड़क इत्यादि है । सुविधा पर्चियों का किया गया डिजिटलाइजेशन प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने पारदर्शिता बरतने और सभी को अवसर देने के लिए जो संस्थाएं कुंभ 2019 में मेला का हिस्सा रहीं हैं । उनके भी आवेदनों को स्वीकार किया है। इसके लिए मेला प्राधिकरण ने स्थानीय ?और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार किया है, और पोर्टल पर 29 अक्टूबर 2024 से 12 नवंबर 2024 तक आवेदन प्राप्त किए। भूमि और सुविधा आवंटन के लिए कुंभ 2019 के डेटा का विश्लेषण किया गया और जमीन आवंटन के लिए तय नियमों के अनुसार कार्य किया गया। आवेदनों के विश्लेषण, प्राधिकरण द्वारा आवंटन और स्वीकृति के बाद, डिजिटाइज्ड सुविधा पर्चियां बनाई गईं। मेला प्राधिकरण द्वारा संस्था को दी सुविधा पर्ची को वेंडर ऑनलाइन देख सकते हैं , और संस्था को दी गई सुविधा को उनके समन्वय के साथ फ़ोटो के साथ अपडेट कर सकते हैं । डिजिटल और ऑनलाइन सुविधा की सबसे बड़ी पारदर्शिता ये है कि आवेदक जब चाहे अपने ज़मीन के अवांटन संबंधित जानकारी और सुविधा का अपडेट देख सकता है, और कमियों पर अपनी आपत्ति जता सकता है। श्रद्धालुओ की सुविधा और उनके कामों को जल्दी निपटाने के लिए मेला प्रशासन की मदद के लिए बड़ी तादात में ठकुम्भ फ़ेलोठतैनात किये गए हैं । ढाई साल से जुटे अधिकारी महाकुम्भ के तैयारियों की नींव लगभग ढाई साल पहले पढ़ चुकि थी। जिसको लेकर प्रसाशनिक अधिकारी लगातार जुटे रहें हैं । जिसकी ज़मीन अब पूरी तरह से तैयार हो गई है।



# बॉलीवुड/टेली मसाला

## चाहत की मां ने अविनाश को दिया लड़कीबाज का टैग, पत्नी को देख विवियन बोले- बिग बॉस आपकी बहू आई है


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में, बिग बॉस 18 के मेकर्स ने शो का नया प्रोमो जारी किया है। इस प्रोमो में , शिल्पा शिरोडकर की बेटी, चाहत पांडे की मां, अविनाश मिश्रा की मां, ईशा सिंह की मां और विवियन डीसेना की पत्नी घर में दाखिल होंगी। सलमान खान का विवादित शो 'बिग बॉस 18' दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। शो में चल रही कंटेस्टेंट्स के लड़ाई-झगड़ों ने इसकी टीआरपी रेटिंग में काफी इजाफा किया है। हर कोई अपने पसंदीदा प्रतियोगी को सपोर्ट करने से पीछे नहीं हट रहा है। शो में अब वो वक्त आ गया है, जब कंटेस्टेंट्स तीन महीने तक घर में रहने के बाद अपने घरवालों से मिलेंगे। हालांकि, इस दौरान चाहत पांडे की मां ने अविनाश मिश्रा से हमारा परिवार आपको कभी माफ नहीं करेगा? आइए जानते हैं कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा है।हाल ही में, बिग बॉस 18 के मेकर्स ने शो का नया प्रोमो जारी किया है। इस प्रोमो में , शिल्पा शिरोडकर की बेटी, चाहत पांडे की मां, अविनाश मिश्रा की मां, ईशा सिंह की मां और विवियन डीसेना की पत्नी घर में दाखिल होंगी। कंटेस्टेंट



भावुक और बेहद खुश हो जाते हैं। हालांकि, इसमें एक बार फिर अविनाश मिश्रा निशाने पर आए हैं।चाहत की मां अविनाश से कहती है, ठचाहत ऐसे चरित्र की लड़की नहीं है जैसा आपने उसे बोला है। हमारा परिवार आपको कभी माफ नहीं करेगा।ठ यही नहीं, उन्होंने आगे चाहत से पूछा कि हमने तुमसे जब जब पूछा है कि अविनाश और तुम्हारी क्यों नहीं बनती है। तुमने हमें क्या बताया था कि हम अविनाश को पसंद नहीं करते क्योंकि वह लड़कीबाज है।चाहत की मां के इस विवाद के जवाब में अविनाश ने अभिनेत्री से पूछा कि क्या उसने सेट पर हुई घटना के बारे में उसे बताया है। इसके बाद, उनकी मां रजत दलाल के पास जाती है और कहती है, ठआप चाहत का इस्तेमाल खेल के लिए करते हैं। इस्तेमाल करो और फेंको।यही नहीं, शो के प्रोमो में विवियन डीसेना को अपनी पत्नी नूरन एली से मिलते हुए भावुक होते हुए दिखाया गया है। विवियन डीसेना आगे बिग बॉस से पूछते हैं, ठअब तो मुझे रिहा कर दो, आपकी बहू आई है।

## राम चरण-कियारा आडवाणी की 'गेम चेंजर' के ट्रेलर की तारीख समय हुआ तय, इस दिन होगा रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पैन इंडिया स्टार राम चरण की बहुप्रतिक्षित राजनीतिक ड्रामा फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी, 2025 को कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होने



वाली है। लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले गेम चेंजर का धमाकेदार ट्रेलर जानिए किस तारीख को रिलीज किया जाएगा।ग्लोबल स्टार शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित फिल्म गेम चेंजर दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी सामने आ रही है। लेकिन अब फिल्म मेकर्स ने गेम चेंजर के ट्रेलक की रिलीज की आधाकिरिक घोषणा की है, जिससे प्रशंसकों में काफी उत्साह है। जानिए फिल्म गेम चेंजर का ट्रेलर कब रिलीज होगा।फिल्म गेम चेंजर में राम चरण के साथ कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। ऐसा पहली बार है जब किसी साउथ फिल्म में कियारा नजर आने वाली हैं, जब से फिल्म के ट्रेलर की रिलीज का एलान किया गया है, तभी से इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों के बीच उत्साह काफी बढ़ गया है नए साल की धमाकेदार शुरुआत करते हुए, गेम चेंजर के निर्माताओं ने घोषणा की है कि ट्रेलर 2 जनवरी, 2025 को शाम 5:04 बजे रिलीज किया जाएगा। प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों के बीच उत्साह को और बढ़ाने के लिए राम चरण का एक प्रभावशाली पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें वह एक प्रभावशाली अवतार में नजर आ रहे हैं। राम चरण और कियारा आडवाणी के अलावा, इस फिल्म में अंजलि, श्रीकांत, समुथिरकानी, जयराम, नवीन चंद्रा और बाकी कई कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। दिल राजू ने श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण किया है और इसमें थमन एस द्वारा संगीतबद्ध किया गया है, जो बेहतरीन साउंडट्रैक का वादा करता है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, गेम चेंजर के लिए प्रशंसकों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। अपने शानदार कलाकारों, दूरदर्शी निर्देशन और आकर्षक कहानी के साथ, यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी रिलीज बनने के लिए तैयार है। नया साल आते ही गेम जेंचर की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।

## पुष्पराज' के अभिनय के मुरीद हुए आमिर, तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पाए, अल्लू अर्जुन ने जताया आभार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में एक्स पर आमिर खान प्रोडक्शन ने एक छोटा और प्यारा नोट लिखा। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या लिखा है। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' तमाम विवादों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। सोशल



मीडिया पर कोई फिल्म की और अभिनेता की जमकर तारीफ कर रहा है। अब इस क्रम में अभिनेता आमिर खान भी आ गए हैं। अभिनेता आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने अल्लू अर्जुन अभिनीत 'पुष्पा 2: द रूल' की टीम को इसकी सफलता के लिए बधाई दी। हाल ही में एक्स पर आमिर खान प्रोडक्शन ने एक छोटा और प्यारा नोट लिखा। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या लिखा है।आमिर की टीम ने लिखा, ठ पुष्पा 2: द रूलठ की पूरी टीम को फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफलता के लिए हमारी ओर से बहुत-बहुत बधाई! आपके निरंतर सफलता की कामना करते हैं। पूरी टीम के ढेर सारा प्यार और फिर से बधाई। आमिर की टीम के इस संदेश के बाद यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' का दीवाना बॉलीवुड भी हो रहा है।आमिर की टीम के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अल्लू अर्जुन ने ट्वीट किया, ठआपकी शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।"ख्झ् की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं ।ठ फैंस को सोशल मीडिया पर आमिर और अल्लू अर्जुन की यह केमिस्ट्री काफी पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, जब एक अभिनेता दूसरे अभिनेता की सराहना करता है तो सच में काफी अच्छा लगता है। दूसरे यूजर ने लिखा, अल्लू अर्जुन ने कितने सम्मान के साथ आमिर की टीम को रिप्लाई किया है।बात करें पुष्पा 2 की तो अल्लू अर्जुन ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कायम किया हुआ है। फिल्म ने सिर्फ 25 दिनों में 1760 करोड़ रुपये की कमाई की है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। अल्लू अर्जुन के शानदार अभिनय के साथ-साथ कलाकारों और क्रू के शानदार प्रयासों की लोगों ने खूब तारीफ की है इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है। अर्जुन के अलावा इसमें रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी हैं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है। फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को रिलीज होगी।

## हनी सिंह कभी भी नशे के आदी नहीं थे', निर्देशक मोजेज का बड़ा दावा, खुद की रैपर की तारीफ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में एक साक्षात्कार में, मोजेजे ने रहा है। अब हाल ही में, निर्देशक मोजेज सिंह ने हनी सिंह के तलाक और ड्रग्स लेने के विषयों के बारे में



डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के समय आने वाली परेशानियों को साझा किया और दर्शकों की प्रतिक्रिया के बारे में करते हुए बताया ठमैं इस प्रतिक्रिया से काफी खुश हूं। हनी सिंह इन दिनों अपने विवादों को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। बादशाह के साथ उनका झगड़ा खत्म होने का नहीं ले रहा है। हालांकि, जब से रैपर की नई डॉक्यूमेंट्री यो यो हनी सिंहः फेमस आई है, तब से उनकी जिंदगी के दिलचस्प किस्सों का खुलासा हो रहा है। अब हाल ही में, निर्देशक मोजेज सिंह ने हनी सिंह के तलाक और ड्रग्स लेने के विषयों के बारे में खुलकर बात की।हनी सिंह इन दिनों अपने विवादों को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। बादशाह के साथ उनका झगड़ा खत्म होने का नहीं ले रहा है। हालांकि, जब से रैपर की नई डॉक्यूमेंट्री यो यो हनी सिंहः फेमस आई है, तब से उनकी जिंदगी के दिलचस्प किस्सों का खुलासा हो खुलकर बात की।यो यो हनी सिंहः फेमस के जरिए, निर्देशक ने नशे की लत से बाहर निकलने और मानसिक स्वास्थ्य पर काफी जोर दिया है। यही नहीं यह डॉक्यूमेंट्री हनी सिंह के जीवन के उतार-चढ़ाव के बारे में भी काफी जीवंत तरीके से दिखाया गया है। इस पर निर्देशक ने कहा, किसी के जीवन पर फिल्म बनाना आसान नहीं है। हमें सबसे पहले एक भरोसा बनाना पड़ता है।निर्देशक ने आगे कहा कि उन्हें इस बात का भरोसा था कि मैं उन्हें बर्बाद नहीं करना चाहता था और उन्हें बस के नीचे नहीं फेंकना चाहता था। मैं बस उनकी सच्चाई बताना चाहता था। उन्हें पता था कि मैं एक ईमानदार फिल्म बनाने के लिए आया हूं और उन्हें समझ में आया कि यह एक प्रक्रिया है।मोजेज ने कहा, ठआखिरकार, हम एक ऐसे बिंदु पर पहुंचे, जहां वह मेरे सामने हर चीज के बारे में बात करने में बहुत सहज हो गया और इस तरह मानसिक स्वास्थ्य की बात हुई।

## शिल्पा शेट्टी से लेकर प्रीति जिंटा तक, इन सितारों ने फैंस को दी नए साल की बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सितारों ने अपने फैंस को सोशल मीडिया पर नए साल की बधाई देते हुए तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों को फैंस लिखा- साल 2025 में साथ जाते हुए। आप सभी को न्यू ईयर की शुभकामनाएं। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने भी सोशल मीडिया पर अपने परिवार के साथ नए साल



ने भी पसंद किया है। साथ ही नए साल की बधाई दी है। बॉलीवुड सितारे सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए अपने प्रशंसकों से जुड़े रहते हैं। ऐसे में कुछ बॉलीवुड सितारों ने सोशल मीडिया पर नए साल के जश्न के साथ नए साल की बधाई दी है।बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो साझा किया है। इसमें वे कह रहे हैं हैलो फ्रेंड्स, हैप्पी न्यू ईयर टू यू, अपना ध्यान रखें। खुश रहें। धर्मेंद्र के इस वीडियो को फैंस ने खूब पसंद किया है। शिल्पा ने परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाया है। इसमें वे मस्ती करती नजर आ रही हैं। पोस्ट पर उन्होंने लिखा- 'सबके साथ और खुश' यही है न्यू ईयर। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। प्रीति जिंटा ने अपने पति के साथ अपनी तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने पोस्ट पर की तस्वीरें साझा की हैं। इसमें अजय देवगन और उनके बेटे के साथ मां भी नजर आ रही हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर ने भी परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाया है। उन्होंने परिवार के साथ अपनी तस्वीरें साझा की हैं।बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा की हैं। वे पति राघव के साथ आग का मजा लेती नजर आ रही हैं। उन्होंने लिखा- हमारी तरफ से प्यार भरी शुभकामनाएं। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा की हैं। अनन्या की तस्वीरों को फैंस ने बहुत पसंद किया है। सोनाक्षी सिन्हा ने बेहद रोमांटिक अंदाज में जहीर इकबाल के साथ फैंस को नए साल की बधाई दी है। सोनाक्षी के वीडियो में आतिशबाजी होती नजर आ रही है।

## क्या यश की 'टॉक्सिक' होगी इस साल की वैश्विक रिलीज हॉलीवुड के वितरकों से चल रही बातचीत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केजीएफ स्टार यश अपनी बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म वैश्विक स्तर रिलीज की जा सकती है। यही वजह है कि फिल्म के निर्माता-निर्देशक दुनिया भर में इसकी व्यापक रिलीज पाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यश



फिल्म टॉक्सिक को लेकर विश्व स्तर पर रिलीज करने की तैयार चल रही है।केजीएफ 2 की रिलीज के बाद से ही यश के प्रशंसक 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाई-वोल्टेज गैंगस्टर ड्रामा फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मलयालम निर्देशक गीतू मोहनदास कर रहे हैं। फिल्म को लेकर जो जानकारी सामने आई है, वह यश के प्रशंसकों को बेहद खुश कर देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यश और टॉक्सिक के निर्माता, केवीएन प्रोडक्शंस के वेंकट के. नारायण, हॉलीवुड के प्रसिद्ध प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन हाउस, 20वीं सेंचुरी फॉक्स के साथ फिल्म की अंतर्राष्ट्रीय रिलीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। यश और टॉक्सिक की टीम का यह विश्वास है कि यह की फिल्म को इंटरनेशनल कम्पनी 20पू सेंचुरी फॉक्स इंटरनेशनल मूवी मार्केट में डिस्ट्रीब्यूट करेगी। यश टॉक्सिक के जरिए विदेश मूवी मार्केट पर छाना चाहते हैं, यही वजह है कि वह विदेशी प्रोडक्शन हाउस से हाथ मिलाना चाहते हैं। यश नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर गीतू मोहनदास के साथ एक गैंगस्टर ड्रामा टॉक्सिक में काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग काफी समय पहले ही शुरू हो चुकी है। साथ ही ये इसी साल 2025 में रिलीज हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक में यश के अपोजिट बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। निर्माता दिसंबर 2025 में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम और बाकी विदेशी भाषाओं में फिल्म को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

## जित के फैंस को नए साल पर लगा झटका, 'विदामुयार्ची' की रिलीज डेट टली, ये बड़ी वजह आई सामने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' की रिलीज डेट टल गई है। अभिनेता के फैंस के लिए



यह किसी बड़े झटके से कम नहीं है। नए साल पर अजित कुमार के फैंस को बड़ा झटका लगा है। अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विदामुयार्ची' को आखिरी वक्त में स्थगित कर दिया गया है। यह फिल्म पहले 10 जनवरी को बड़े धूमधाम से रिलीज होने वाली थी। अजित कुमार के प्रशंसक इस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हालांकि, 31 दिसंबर की रात को फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण इस फिल्म को बाद में रिलीज किया जाएगा।लाइका प्रोडक्शंस ने अपने बयान में कहा, ठअपरिहार्य परिस्थितियों के कारण हमारी फिल्म 'विदामुयार्ची' अब पोंगल के दिन रिलीज नहीं होगी। हम अपने सभी फैंस और शुभचिंतकों को नए साल के लिए शुभकामनाएं देते हैं।ठ इस पोस्ट में फैंस को यह भी भरोसा दिलाया कि दर्शकों का इंतजार सार्थक होगा। 10 जनवरी का दिन किसी भी बड़ी बजट वाली फिल्म के लिए आदर्श रिलीज डेट माना जाता है, क्योंकि पोंगल और संक्रांति के आसपास होने के कारण फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बेहतर प्रदर्शन के लिए लंबा वीकेंड मिलता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस तारीख पर रिलीज न होने से 'विदामुयार्ची' पर कितना असप पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ समझौते संबंधी मुद्दों की वजह से निर्माताओं को इस फिल्म को स्थगित करने का फैसला लेना पड़ा। मगीज थिरुमेनी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है। इसमें अजित कुमार के अलावा तृषा कृष्णन और अर्जुन सरजा मुख्य भूमिका में हैं।

## वो हीरोइन जिसने लगा दिया माइकल जैक्सन के माथे पर तिलक, जीत ली कैंसर से जंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सोनाली बेंद्रे नब्बे के दशक की सबसे मशहूर अदाकारों में से एक हैं। वह उन चंद अभिनेत्रियों में से भी एक हैं, जिन्होंने तीनों खानों के साथ फिल्मों में अभिनय किया। इसके अलावा भी वह रियल लाइफ फाइटर हैं क्योंकि उन्होंने कैंसर से जिंदगी की जंग जीती है। आज सोनाली बेंद्रे का जन्मदिन (1 जनवरी 1975) है, इस मौके जानिए, उनकी जिंदगी और फिल्म करियर से जुड़ी खास बातें। सोनाली बेंद्रे का नाम सुनते ही एक प्यारा-सा चेहरा आंखों के आगे आ जाता है। वह नब्बे के दशक में जवां दिलों की धड़कन बनीं। आज तृप्ति डिमरी और रश्मिका मंदाना के जितनी चर्चे होते हैं, उससे कहीं ज्यादा चर्चा में, सोनाली बेंद्रे अपने समय में रहा करती थीं। जब सोशल मीडिया नहीं था, तब भी उनकी फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा थी। जानिए, सोनाली के जन्मदिन पर, उनकी जिंदगी और फिल्मों से जुड़ी बातें। सोनाली ने करियर की शुरुआत में कुछ फिल्में कीं, लेकिन उन्हें मनचाही सफलता नहीं मिली। फिर वह मणिरत्नम की फिल्म 'बॉम्बे (1995)' के गाने 'हम्मा हम्मा में नजर आईं। इस



गाने को ए. आर रहमान ने गाया था। इस गाने में अपने डांस मूव्स के कारण सोनाली चर्चा में आ गईं, दर्शक उनके दीवाने हो गए। सोनाली के करियर के लिए यह गाना स्पेशल साबित हुआ, आगे उनके पास कई फिल्मों के ऑफर आए। वह हिट फिल्मों का हिस्सा बनीं और एक नामी अदाकारा बन गईं।सोनाली बेंद्रे सिर्फ अपने फिल्म करियर की वजह से ही चर्चा में नहीं रही, वह माइकल जैक्सन को तिलक लगाने के लिए भी जानी जाती हैं। साल 1996 की बात है, पॉप स्टार माइकल जैक्सन मुंबई आए, सोनाली ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। माइकल की आरती उतारी और उनके माथे पर तिलक लगा दिया। यह तस्वीरें उस समय के हर अखबार, मैगजीन में छिपीं। खास बात यह रही कि सोनाली बेंद्रे ने माइकल जैक्सन का स्वागत मराठी साड़ी पहनकर किया था। सोनाली बेंद्रे ने बॉलीवुड में सलमान खान, आमिर खान और शाहरुख खान के साथ फिल्मों में अभिनय किया है। शाहरुख के साथ सोनाली बेंद्रे ने फिल्म 'डुप्लीकेट' में काम किया, सलमान खान के साथ 'हम साथ साथ हैं' में अभिनय किया और आमिर के साथ 'सरफरोश' में नजर आईं। सोनाली ने हिंदी के अलावा मराठी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अभिनय किया है।सोनाली बेंद्रे के करियर से इतर उनकी पर्सनल लाइफ की बात की जाए, तो साल 2002 में उन्होंने अपने दोस्त गोल्डी बहल से शादी की, साल 2005 में उनका एक बेटा हुआ। जिंदगी अच्छी चल रही थी कि सोनाली को साल 2018 में कैंसर हो गया। उनकी जिंदगी पूरी तरह से पलट गई लेकिन सोनाली बेंद्रे ने हार नहीं मानी। उन्होंने कैंसर से लंबी जंग लड़ी और साल 2021 में वह कैंसर से मुक्त हो गई। इस तरह सोनाली ने साबित कर दिया कि वह एक रियल लाइफ फाइटर हैं।कैंसर से मुक्त होने पर सोनाली बेंद्रे ने फिर से एक्टिंग की दुनिया में वापसी की। वह साल 2022 में एक वेब सीरीज 'ब्रोकन न्यूज' में नजर आईं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।